आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 6, अंक 82, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12


## हिमालय पर योग...



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : विषम मौसम की स्थिति के बीच हिमालय की ऊंचाई पर योग प्रदर्शन करते हुए भारतीय सेना के जवान गुरुवार को सैनिकों ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत अनुशासन और कल्याण की भावना पर प्रकाश डाला।

# निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

## राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।



### सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

### पहला टेस्ट मैच

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3:30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

### एक नजर

#### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

#### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

# स्टांप विभाग में तबादला घोटाला, होगी जांच

## योगी सख्त : 88 उपनिबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों समेत 202 तबादले निरस्त

- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आई सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर मची राजनीतिक और प्रशासनिक खींचतान के बीच ट्रांसफर के नाम पर हुए घोटाले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया गया है। आरोप हैं कि तबादलों के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है।

मामला स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। किसी भी स्तर का कर्मचारी या अधिकारी हो जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन ने 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 58 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था।

दरअसल, ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री स्तर से उठाया गया ताजा कदम इस बात का संकेत है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता, भाई-भतीजावाद या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से तबादला आदेशों पर रोक और जांच के आदेश के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ अधिकारी राहत महसूस कर रहे हैं तो कई अधिकारियों की चिताएं बढ़ गईं हैं। ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेने इस बात से खौफजदा हैं कि कहीं अब उन पर न कार्रवाई हो जाए।

### उपनिबंधक बना दिए गए इंटरमीडिएट पास

**लखनऊ।** स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को सब-रजिस्टार बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं पास हैं, जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। कहा कि प्रारंभिक जांच में तबादला प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### मनचाहे ट्रांसफर करने वाले जांच के दायरे में

राज्य सरकार के सूत्रों अनुसार, उपनिबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में गुपचुप तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पोस्टिंग के लिए मोटी रकम मांगी जा रही थी। जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए, उनकी अब भूमिका गहन जांच के दायरे में है।

### आईएएस समीर और भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटाया

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत करते हुए दो अन्य को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। चिकित्सा विभाग में निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को दी गई है। बीते दिनों चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री से खंगारौत की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध रहा।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

## यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

## इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

## बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

## भारतीय संस्थानों में आईआईटी दिल्ली को मिली टॉप रैंक

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 123वें स्थान पर
- देश के 54 विवि एवं संस्थान प्रतिष्ठित सूची में दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली 2026 की 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में 123वें स्थान पहुंचकर सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल करने वाला भारतीय संस्थान है और देश के रिकॉर्ड 54 विश्वविद्यालय एवं संस्थान इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली ने दो वर्ष में 70 से अधिक स्थानों की छलांग लगाई है। वह दो साल पहले 197 और पिछले साल 150वें स्थान पर रहा था। संस्थान ने 'जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस' के साथ संयुक्त रूप से 123वीं रैंक हासिल की है। लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण कंपनी 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाने वाली प्रतिष्ठित 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' के तहत विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों का आकलन किया जाता है। इस वर्ष रैंकिंग में आठ नए भारतीय संस्थानों के जगह बनाने के साथ इसमें शामिल भारत के संस्थानों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अमेरिका (192 संस्थान), ब्रिटेन (90 संस्थान) और चीन (72 संस्थान) के बाद भारत चौथे स्थान पर है। किसी अन्य देश या क्षेत्र में इस वर्ष रैंकिंग में इतने विश्वविद्यालय नहीं जुड़े हैं। इस मामले में जॉर्डन और जरबैजान दूसरे स्थान पर रहे हैं और दोनों के छह-छह विश्वविद्यालय 2026 की रैंकिंग में जुड़े हैं।

# अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

## सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।



टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

## शहर में आज



☞ रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में श्रीराम कथा का चौथा दिन शाम 4 :00 बजे

☞ केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में प्रबुद्ध समागम शाम 4 :30 बजे






# 11 गांवों में बनेंगे अंत्येष्टि स्थल भेजे गए 18 लाख 8 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में 11 अंत्येष्टि स्थल बनाए जाएंगे। इसके लिए पंचायत राज विभाग की ओर से 11 ग्राम पंचायत का चयन किया गया था। जिलाधिकारी ने अंत्येष्टि स्थल के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए शासन को भेजा था। जिसमें चयनित ग्राम पंचायतों के खाते में 75 प्रतिशत धनराशि सरकार की ओर से भेजी गई है। प्रत्येक गांव में 24 लाख 36,000 की लागत अंत्येष्टि स्थल बनाए जाएंगे।

ग्राम पंचायतों के खाते में आ गई है। इसके लिए पंचायती राज विभाग द्वारा 11 ग्राम पंचायत का चयन किया गया था। जिसमें ठाकुरद्वारा ब्लॉक में बांकावाला शेरपुर बैहलीन, कुंदरकी ब्लाक में गांव असलतपुर बाग ,मोहनपुर और हुसैनपुर पाचतोरा छजलैट ब्लॉक में कुचावली और लदावली गांव चिन्हित किए गए है। वहीं डिलारी ब्लॉक में सिडलऊ नजरपुर, सहसपुरी और पिपली उमरपुर ,भगतपुर ब्लॉक में सरदार नगर गांव में अंत्येष्टि स्थल बनाए जाएंगे प्रदेश सरकार ने चयनित ग्राम पंचायत के खाते में टोटल धनराशि का 75 प्रतिशत धनराशि 18 लाख 8 हजार 730 भेज दिए गए हैं। दूसरी किस्त में 25 प्रतिशत की धनराशि भेजी जाएगी। उपनिदेशक पंचायत राज अभय कुमार ने बताया इन ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम पंचायत राज निदेशालय से कराई जा रही है।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में कमियों व अवांछित गतिविधियों को छिपाने के लिए कर्मचारियों पर उठ रही उंगली

# क्रीड़ाधिकारी के आने से पहले कार्यालय से कैमरे लापता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अधिकारी बोले- लगवाए जाएंगे नए कैमरे, ऐसा करने वालों की जांच शुरू

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में अव्यवस्थाएं कम होने की बात तो दूर बल्कि कर्मचारी कमियों और अवांछित गतिविधियों को छिपाने के लिए तरह-तरह की युक्ति अजमाने में लगे हैं। सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में नए जिला क्रीड़ाधिकारी की तैनाती होनी थी। ऐसे में स्टेडियम में होने वाली अनैतिक गतिविधियों पर पर्दा डालने के लिए शनिवार को कार्यालय व क्रीड़ाधिकारी के कक्ष के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को गायब कर दिया गया।

स्टेडियम में चर्चा है कि इसमें कर्मचारियों की मिलीभगत व बाहरी लोगों की साजिश है। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कार्यालय से सीसीटीवी गायब होने का मामला संज्ञान आया है। नए सीसीटीवी लगवाए जाएंगे। वहीं, इस मामले की जांच वह खुद कर रहे हैं। जांच में दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं स्टेडियम में बाहरी लोगों के आने पर भी सख्ती की जाएगी। खिलाड़ियों के अतिरिक्त स्टेडियम में टहलने के लिए आने वाले लोगों के लिए पास की व्यवस्था होगी। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।




कार्यालय के बाहर नहीं दिखे सीसीटीवी। ● अमृत विचार




क्रीड़ाधिकारी के कक्ष के बाहर से निकाले गए सीसीटीवी।

# नगर निगम की भूमि पर बना अवैध ढाबा ध्वस्त

### कार्रवाई करने पहुंची टीम से ढाबा संचालकों ने की नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को गुलाबबाड़ी गैराज के बाहर अवैध रूप से संचालित ढाबा को जेसीबी से ध्वस्त कराकर उसे निगम के नियंत्रण में ले लिया। भूमि की मौजूदा कीमत एक करोड़ आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान टीम से ढाबा संचालकों की नोकझोंक भी हुई।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को निगम के प्रवर्तन दल ने गुलाब बाड़ी नगर निगम के गैराज के बाहर निगम की 350 गज भूमि पर संचालित अवैध ढाबा को जेसीबी से ध्वस्त कराना शुरु किया। इस पर ढाबा संचालक निगम की टीम से भिड़ गए और नोकझोंक करने लगे लेकिन निगम ने बलपूर्वक अवैध ढाबे को जेसीबी से ध्वस्त कराकर उसे निगम के नियंत्रण में ले लिया। बताया जा रहा है कि निगम की इस भूमि की अनुमानित बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये से अधिक है। ढाबा संचालक को पूर्व में भी नगर निगम ने नोटिस जारी कर स्वामित्व का दस्तावेज दिखाने अन्यथा की स्थिति में खुद हटा लेने का आदेश दिया था।



अतिक्रमण ध्वस्त करती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

- भूमि की बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक

लेकिन कोई जवाब न मिलने पर टीम ने जेसीबी से ढाबे को गिराकर ध्वस्त करा दिया। इससे क्षेत्र में गंदगी व अराजक तत्वों के जमावड़े से वाहनों की चोरी आदि की घटनाएं हो रही थीं। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि पूर्व में नोटिस दिया गया था लेकिन जवाब न मिलने पर कार्रवाई की गई।

इस दौरान नगर निगम के अधिशासी अभियंता निर्माण रईस अहमद, सहायक अभियंता किशन लाल, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन, प्रदीप के अलाव क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे।

### नाले के ऊपर बने भवनों को नोटिस देने का निर्देश

अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार व अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीमों ने झब्बू का नाला, बुध बाजार में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। यहां पाया कि 100 से अधिक भवन नाले के ऊपर बनाए गए हैं। जिससे नाला सफाई का कार्य बाधित है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने इन सभी भवन स्वामियों को नोटिस जारी करने का निर्देश अपर नगर आयुक्तों को दिया।

# जिला सूचना अधिकारी असित का बरेली तबादला, हुए कार्यमुक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला सूचना अधिकारी असित सिंह सोमवंशी का बरेली स्थानांतरण होने के बाद गुरुवार को उन्होंने यहां का कार्यभार छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि 29 जून 2022 को उनकी तैनाती मुरादाबाद जिला सूचना कार्यालय में क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी के रूप में हुई थी।

तत्कालीन उपनिदेशक सूचना जहांगीर अहमद सर के ज्वाइंट डॉयरेक्टर बनने के बाद मार्च 2023 को उन्हें जिला सूचना अधिकारी के पद का दायित्व मिला। मंडल मुख्यालय होने के चलते उन्होंने मंडल स्तरीय सूचना विभाग से संबंधित कार्यों का भी निर्वाह किया। उनके कार्यकाल में नगर निकाय चुनाव 2023 ,लोकसभा चुनाव 2024 और कुंदरकी उपचुनाव 2024 में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सभी मीडिया बंधुओं व जिले व मंडल स्तर के अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताया है। बताया कि अब सुमित भारती सूचना विभाग से संबंधित कार्यों का दायित्व निभाएंगे।

# बरसात में बढ़ेंगी सर्पदंश की घटनाएं झाड़फूंक न कराएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आषाढ़ मास लगने के साथ ही बरसात की शुरुआत हो चुकी है। बारिश में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत सर्पदंश पर झाड़फूंक से बचने की। चिकित्सकों के अनुसार सर्पदंश की स्थिति में तुरंत पास के स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचें। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी और पीएचसी पर एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता करा दी गई है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बारिश में सांप समेत अन्य जहरीले कीट के काटने के मरीज बढ़ जाते हैं। इसके लिए इमरजेंसी में इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की है। अगर किसी को सर्प या कोई जहरीला कीट काटता है तो झाड़फूंक से इलाज में समय न गवाएं। इससे कोई भी मरीज ठीक नहीं होता है। पास के स्वास्थ्स केंद्र पर पहुंचकर एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगवाएं। सांप या किसी भी जहरीले कीड़े के काटने के तीन से चार घंटे में अगर यह इंजेक्शन लगवा दिया जाए तो मरीज की जान बच सकती है।

बताया कि जहरीले सर्प के डंसने पर घाव के आसपास सूजन बढ़ने लगती है और मरीज बेहोश होने लगता है। घाव को साबुन से अच्छी तरह से धोएं और तत्काल अस्पताल पहुंचे।

# मंडी में कराएं सफाई, न मिले गंदगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम की अध्यक्षता में विकास एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक
- नियमित रूप से मिलावटी खाद्य पदार्थों के नमूने लें, फेल होने पर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन स्थित बापू सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास व राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार कराने की चेतावनी मंडी सचिव को दी। कहा कि अगली बार आकस्मिक निरीक्षण में गंदगी नहीं मिलनी चाहिए।

डीएम ने खाद्य सुरक्षा, बाट माप, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, छात्रवृति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विद्युत, स्वास्थ्य, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन ग्रामीण, फेमिली आईडी, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश संरक्षण, कौशल विकास मिशन आदि योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों से प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हानिकारक मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। नियमित तौर पर नमूने संकलित कर उसे जांच के लिए भेजें। अधोमानक नमूनों के संबंध में कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। मंडी सचिव को मंडी परिसर में नियमित तौर पर साफ सफाई कराने व बारिश के दौरान जल भराव की समस्या के समाधान के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि अगली बार आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में गंदगी नहीं मिलनी चाहिए।

छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया कराने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करने के लिए कहा। निर्देश दिया कि इस बैठक में उन्हें छात्रवृति से संबंधित विभागीय नियमों और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दें।

अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन ग्रामीण ने बताया कि जिले में 603 परियोजनाओं में से 216 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। गोशालाओं का निरीक्षण करने के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव के अलावा कई अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक करते डीएम अनुज सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### घटतौली की शिकायतों पर करें कार्रवाई

बाट माप विभाग के अधिकारियों से कहा कि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय से निस्तारण कराएं। घटतौली की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें।

### खराब ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में पीओ नेडा को शिविर लगवाने और बिजली विभाग के अधिकारियों को कनेक्शन में नाम व विद्युत भार परिवर्तित कराने के लिए प्राप्त आवेदनों का रजिस्टर तैयार कराकर मामलों को निस्तारित कराने के लिए कहा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मरों को तय सीमा में बदलने का निर्देश दिया।

# रेडियो एस्ट्रोनॉमी वैज्ञानिक डॉ. गोविंद स्वरूप के सम्मान में बनेगी टाउनशिप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोविंदपुरम आवासीय योजना: 47.36 हेक्टेयर क्षेत्रफल में होगा कार्य
- आधुनिक, सुनियोजित व हरित नगरीय विकास की ओर सशक्त कदम

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण गोविंदपुरम आवासीय योजना का विकास करा रही है। 47.36 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित की जाने वाली इस आधुनिक आवासीय योजना का नामकरण देश के प्रतिष्ठित रेडियो एस्ट्रोनॉमी वैज्ञानिक डॉ. गोविंद स्वरूप के सम्मान में किया गया है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के मार्गदर्शन में 85-90 प्रतिशत भूमि का क्रय कार्य पूर्ण कर भूमि समतलीकरण आरंभ करा दिया गया है। योजना को अक्टूबर तक लांच किया जाएगा। इसके लिए संपूर्ण भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण कार्य जुलाई से आगामी प्रारंभ होगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने जनहित में लोगों से अपील किया कि योजना से संबंधित अधिकृत जानकारी के लिए केवल प्राधिकरण कार्यालय अथवा वेबसाइट से संपर्क करें। किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग से परहेज करें।

### यह है योजना की प्रमुख विशेषताएं

● मध्यम एवं उच्च आय वर्ग के लिए प्लॉट, गेटेड कॉलोनी में आधुनिक सुविधाएं, हरीतिमा एवं सुरक्षित वातावरण। ● आर्थिक रूप से कमजोर व निम्न आय वर्ग के लिए सस्ती आवास योजना। ● सार्वजनिक एवं मनोरंजन क्षेत्र, सेंट्रल थीम पार्क, अर्बन प्लाज़ा, हाट क्षेत्र, खेल परिसर। ● व्यावसायिक एवं संस्थागत क्षेत्र, रिटेल हब, मनोरंजन जोन, होटल व ऑफिस कॉम्प्लेक्स। ● स्टार्टअप हब, को-वर्किंग स्पेस, शैक्षणिक व स्किल डेवेलपमेंट संस्थान। ● कनेक्टिविटी एवं अवसंरचना, हरियाली युक्त साइकिल व पैदल मार्ग। ● सार्वजनिक परिवहन से सरल संपर्क, स्मार्ट एवं टिकाऊ शहरी सुविधाएं। ● वर्षा जल संचयन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, बिजली उपकेंद्र। ● कचरा प्रबंधन व स्वच्छ हरित वातावरण हेतु विशेष व्यवस्थाएं

# छात्रों को दिलाई क्लीन टीएमयू, ग्रीन टीएमयू की शपथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में गुरुवार को तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. वीके जैन रहे।

छात्रों ने हर साल 100 घंटे अर्थात हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्र, ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, फैकल्टी ऑफ एजूकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद जैन, डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ.अंकिता जैन, प्रो.बलराज सिंह, दीपक मलिक आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतें स्वयं अर्जित करें राजस्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त ने ली प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों व अधिकारियों की बैठक

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग के ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों व पंचायत सहायकों व विभाग के अधिकारियों की मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह ने गुरुवार को कार्यालय सभागार में बैठक की। इसमें ग्राम पंचायतों को राजस्व स्वयं पैदा करने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए कहा। कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में कर एवं जुर्माना लगाने को कहा।

मंडलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक के दौरान पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद संभल एवं अमरोहा के द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों पर चर्चा की गई। भविष्य में ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों एवं अन्य विभागीय अधिकारियों का ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने, विभागीय पोर्टलों एवं कम्प्यूटर दक्षता आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिलाने पर जोर दिया। नामित संस्थाओं की पात्रता के आधार तय करने के लिए एक पृथक कमेटी के गठन करने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायतें अपना राजस्व स्वयं उत्पन्न करें एवं आत्म निर्भर बने। कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में कर एवं जुर्माना लगाएं।

बैठक का संचालन उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल अभय कुमार ने किया। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन, संयुक्त विकास आयुक्त, उपायुक्त, मुख्य विकास अधिकारी जनपद संभल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संभल, मंडल के समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, डीपीआरसी संभल एवं अमरोहा के सीनियर फैकल्टी उपस्थित रहे।

### संपत्ति रजिस्टर बनाया जाए

ग्राम पंचायतों में संपत्ति रजिस्टर बनाया जाए। इसके साथ ही आय-व्यय तथा ग्रांट आदि का ब्योरा रखने के लिए बैलेंस शीट तैयार की जाए।

### एनसीईआरटी की किताबों से ही हो पढ़ाई:मंडलायुक्त

मंडलायुक्त ने सीबीएसई व आईसीएसई के स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों के माध्यम से ही पढ़ाई कराने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि एनसीईआरटी द्वारा जिन विषयों की पुस्तकें प्रकाशित नहीं की जाती है और वह विषय पढ़ाया जाना अनिवार्य है तो उस विषय की निजी प्रकाशकों की पुस्तकें पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विद्यालय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पुस्तक, प्रकाशक और विद्यालय का नाम सहित पूरा विवरण उपलब्ध कराना होगा। बताया कि इससे उन सभी प्रकाशकों की पुस्तकें सभी विक्रेताओं के पास उपलब्ध रहेंगी और अभिभावकों पर निर्धारित विक्रेता से पुस्तकें खरीदने का दबाव नहीं रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि एक ही कक्षा के शुल्क तथा कक्षावार शुल्क के स्लैब में भिन्नता के संबंध में शिकायतें प्राप्त होती हैं। जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिया था कि प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए। इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

**तैयारी** — बरेली जोन के प्रभारी उप निदेशक विजय कुमार सिंह ने अग्निशमन कार्यालय का किया निरीक्षण

# दिल्ली रोड गागन पुल के पास बनेगा अग्निशमन प्रशासनिक भवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के हेलट रोड पर सालों से संचालित अग्निशमन विभाग अब दिल्ली रोड पर शिफ्ट होगा। यहां विभाग की ओर से भवन का नक्शा तैयार कर लिया गया था। भवन निर्माण के लिए सरकार ने 6 हजार वर्ग मीटर की जमीन विभाग के नाम कर दी है। प्रशासनिक भवन से लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास भी बनाए जाएंगे। एसईजेड में 4 करोड़ की लागत से अग्निशमन केंद्र लागत से बनेगा। वहीं इसके अलावा जल्द ही जिले के दो विकास खंडों पर भी अग्निशमन केंद्र बनेंगे।

हैलट रोड पर आजादी से पहले बने अग्निशमन कार्यालय का निरीक्षण करने गुरुवार को बरेली जोन के प्रभारी उप निदेशक विजय कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने बताया कि जल्द ही अग्निशमन का प्रशासनिक कार्यालय का निर्माण दिल्ली रोड गागन पुल के पास कराया जाएगा। सरकार ने 6 हजार वर्ग मीटर भूमि विभाग को दे दी है। प्रशासनिक भवन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी एफएसओ के कार्यालय और आवास दोनों बनाए जाएंगे। इसके अलावा 32 पुलिस कर्मचारियों के आवास, वाहनों के लिए गैरेज व उपकरणों के रखरखाव के लिए एमटी स्टोर का निर्मित होगा। उन्होंने बताया कि भवन का नक्शा तैयार हो गया था हालांकि उसमें कुछ शासन स्तर पर बदलाव किया जा रहा है। इस कारण अब तक निर्माण कार्य का एस्टीमेट नहीं बना है लेकिन कार्यदायी संस्था का चयन हो चुका है। पहले तहसील स्तर अग्निशमन केंद्र बनाए गए थे लेकिन अब विकास खंड स्तर पर निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें जिले के दो ब्लॉक मूंढापांडे और भगतपुर का प्रस्ताव भेजा गया है।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते बरेली जोन प्रभारी उपनिदेशक अग्निशमन विजय कुमार सिंह।

- एसईजेड में चार करोड़ रुपये से बनाया जा रहा केंद्र
- जनपद के दो विकास खंडों पर होगा केंद्र का निर्माण

### एफएसओ के 6 पदों में एक पर तैनाती... 5 पद खाली

निर्धारित पदों और उन पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी ली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि छह एफएसओ के पद है और एक पद पर तैनाती है बाकी पांच पद लंबे समय से खाली चल रहा हैं। वहीं 8 एफएसएसओ के पद निर्धारित हैं,और एक पद पर तैनाती है, 7 पद खाली चल रहे हैं। अग्निशमन सिपाहियों की भी कमी है। निरीक्षण के बाद सीएफओ कार्यालय में प्रभारी उपनिदेशक अग्निशमन बरेली जोन ने कहा कि मुरादाबाद में खाली चल रहे अधिकारियों व कर्मचारियों के पदों पर जल्द तैनाती होगी।

एसईजेड में अग्निशमन केंद्र बनाया जा रहा है। जिसके लिए सरकार ने विभाग को चार करोड़ की धनराशि भी दी है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था आवास विकास करेगी।

उन्होंने अभिलेखों और प्रशासनिक भवन और वाहनों के गैरेज और एमटी स्टोर का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी केके ओझा और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा उनके साथ रहे। उन्होंने कर्मचारियों के आवास देखे। वहीं जिले में इस वर्ष होने वाले अग्निकांड के विवरणों की जानकारी ली। कार्यालय के बाहर खड़े अग्निशमन वाहनों के बारे में जानकारी लेने के बाद उन्होंने गैरेज व एमटी स्टोर देखा। जहां बड़े वाहन सड़कों पर खड़े मिले।

# केक काट मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



महानगर कैंप कार्यालय में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कांग्रेसियों ने की दीर्घ, स्वस्थ व सफल जीवन की कामना

**अमृत विचार :** लोकसभा में नेता विपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन गुरुवार को भूड़े का चौराहा स्थित महानगर कांग्रेस कैंप कार्यालय पर मनाया गया। कांग्रेसियों ने केक काटा और मिठाई वितरित कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम उर्फ बंटी ने कहा कि राहुल गांधी की अटूट प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता उन्हें देश के अन्य नेताओं से अलग करती है। वह न केवल सच्चाई की आवाज हैं, बल्कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के आंसू पोंछने का भी काम कर रहे हैं। हम उनके दीर्घ, स्वस्थ व सफल जीवन की कामना करते हैं। इस अवसर पर संगठन सर्जन अभियान के कोऑर्डिनेटर प्रभारी विजय शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, एडवोकेट आनंद मोहन गुप्ता, फहीम मिर्ज़ा, शिवराज गुर्जर, नज़ाकत ठेकेदार, पार्षद शमशेर अली, नदीम उद्दीन कातिब, अफसर अंसारी, हाजी वसीम, मोहम्मद समी, अनुराग शर्मा, गोसिया साबिर, शरीफ घोसी, जगजीत सिंह, कमाल बहेलिया, नाज़िम परवेज़, सोनी सैफी, मुर्सलीन खान, रिफाकत अंसारी, विजय शर्मा, हाजी जुबैर अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

33.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16

## अगले माह होंगी जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में अगले माह के पहले सप्ताह से जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। खेल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तैयारियों में जुटे हैं। जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल में जिस दिन छात्र-छात्राओं के आने का सिलसिला शुरू होगा, उनसे संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कर प्रतियोगिता में हिस्सा दिलाया जाएगा। बताया कि बीते दिनों उच्चाधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग हुई, जिसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता जुलाई के पहले सप्ताह में कराने का निर्णय लिया गया है। अब तक जिला स्तरीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अक्टूबर व नवंबर में होती रही हैं। इसी समय पर मंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। इससे न सिर्फ खिलाड़ियों को बल्कि आयोजकों के साथ ही स्टेडियम में जगह की दिक्कत होती है।

# युवक-युवती ने ट्रेन से कट कर दी जान

## गांव में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की चर्चा, परिजन कर रहे इंकार

संवाददाता, बिलारी


मृतक भोले।


मृतका आशी।

- बिलारी में एक ही गांव के रहने वाले थे युवक व युवती
- बुधवार की रात 11:00 बजे घर से निकली थी युवती
- पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने की शिनाख्त


आशी की मौत पर सदमे में मां और अन्य परिजन। ● अमृत विचार


खबर सुनकर बेसुध होकर जमीन पर गिरी सुशांत की मां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैफपुर जगना में गुरुवार की तड़के कुआं खेड़ा हॉल्ट पर रेलवे ट्रैक के पास एक ही गांव के युवक और युवती के शव मिले। जीआरपी पुलिस की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जरगांव पुलिस ने ग्राम प्रधान से जानकारी की। राशन डीलर जसवंत ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां दोनों के शवों की शिनाख्त सैफपुर जगना गांव निवासी सुशांत उर्फ भोला (20) और आशी (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। वहीं क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या करने की चर्चा है। हालांकि परिजन इस बात से इंकार कर रहे हैं। एक ही मोहल्ले में दो मौतें होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सैफपुर जगना गांव निवासी राज मिस्त्री मित्रपाल के बेटे अभिषेक ने बताया कि बुधवार की रात 11:00 बजे घर में उसके पिता, मां राजकुमारी, आशी, छोटी बहन अंजलि और उसकी पत्नी खाना खाकर सो गए थे। रात्रि 11:00 बजे अंजलि से आशी टॉयलेट जाने को कहकर बाहर गई और अन्य परिजन सोते रहे। इसके बाद गुरुवार सुबह 4:00 बजे पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी मिली। जब वह लोग ट्रैक पर पहुंचे तो आशी व मोहल्ले के ही सुशांत उर्फ भोला का शव मिला। बताया कि उसकी बहन ने इसी साल 12वीं की परीक्षा पास की थी और वह अब बीए में एडमिशन लेने की तैयारी कर रही थी। उन्हें किसी भी तरह की बात की जानकारी नहीं थी। वह खुद चंदौसी के एक निजी अस्पताल में नौकरी करता हैं व पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। घर में छोटी बहन अंजलि मां रजकुमारी समेत सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

आशी के घर से 100 मीटर दूर राजपाल सिंह का घर है। सुशांत के भाई नवजीत ने बताया कि रात में उसका भाई घर पर ही सोया था। इसके बाद वह किस समय घर से चला गया किसी को नहीं पता। उन्हें भी सुबह पुलिस और ग्राम प्रधान के द्वारा घटना की जानकारी हुई। बताया कि सुशांत खुद का ट्रैक्टर चलाकर मजदूरी करता था। घर में या गांव में किसी को भी इनके प्रेम प्रसंगों की जानकारी नहीं थी। बताया कि वह 6 भाई बहन है जिनमें सबसे बड़े संजीव कुमार फौज में नौकरी करते हैं। सुशांत की मौत से मां विजयवती और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि मृतक आशी के पिता मित्र पाल ने थाने में लिखित जानकारी दी है कि उनकी बेटी रात 11:00 बजे घर से चली गई थी। जिसके बाद सुबह पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी दी गई थी।

### दिन भर परिवार के साथ हंसी खुशी से रही आशी

बुधवार का पूरा दिन और रात 11:00 बजे तक आशी परिवार के साथ हंसी खुशी से रही। किसी को यह अंदाजा तक नहीं था कि रात में आशी आत्महत्या कर लेगी। वह पढ़ाई लिखाई में होशियार थी मां रोते हुए बार-बार यही कह रही थी कि उन्हें बेटी से ऐसी उम्मीद नहीं थी कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगी उसने कभी उनसे इस बारे में बात नहीं की।

### दिनभर नहीं जले चूल्हे

एक ही गांव एक ही जाती और एक ही मोहल्ले में दो मौतें होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर किसी की आंखें नम दिखाई दी। यहां तक की पूरे दिन ग्रामीणों के घरों में चूल्हे नहीं जले। एक साथ दो अर्थी उठने से हर कोई सदमे में दिखा।

### साथ जी नहीं सके मौत को लगाया गले

गांव में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या करने की चर्चा है। आशी और सुशांत में इतना गहरा प्रेम था कि दोनों ने एक साथ ही दुनिया छोड़ दी। परिजनों के मुताबिक उन्हें उनके प्रेम प्रसंग के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। हर कोई उनके द्वारा उठाए गए इस कदम से हैरान हैं।

## काली माता मंदिर महंत की गद्दी का विवाद फिर शुरू

- श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा व मंदिर के मुख्य महंत सज्जन गिरि ने बैठक में लगाया आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लालबाग स्थित काली माता मंदिर में गद्दी का विवाद फिर शुरु हो गया है। कई वर्ष पहले भी ऊपर व नीचे वाले मंदिर के महंत के बीच विवाद बढ़ा था। जिसके बाद जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सभापति व संरक्षक तक पहुंचा था। गुरुवार को श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा व काली माता मंदिर के मुख्य महंत सज्जन गिरि ने बैठक की। उन्होंने मीडिया के सामने आरोप लगाया कि भक्तों द्वारा मंदिर निर्माण के लिए सरिया आदि सामान दिया गया था। जिसको रामगिरि ने अपने घर निर्माण के लिए भेज दिया। यह भी आरोप लगाया कि रामगिरि बीवी बच्चों के मंदिर में रह रहे हैं। जो नियम विरुद्ध है। इस दौरान सतगीरि, नीलगिरि, भूरे पुजारी, दिनेश पुजारी आदि मौजूद रहे।

वहीं प्राचीन श्री नौ देवी काली मंदिर के महंत रामगिरि ने कहा कि दोनों मंदिर जूना अखाड़े का है। महंत सज्जन गिरि उनको मंदिर से निकालने की साजिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि 10 दिन पहले जब वह बाहर गए थे तभी सज्जन गिरी ने मेरे मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश की और रुपए लूट लिए। एआई से फर्जी फोटो बनाकर मुझे बदनाम करने के लिए वायरल कर दिया। वह इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी मिल चुके हैं। इनके द्वारा लगाए गए सभी आरोप गलत ओर बेबुनियाद हैं। अखाड़े को सूचना दे दी गई है।

## समय से कार्य पूरा न करने पर कार्यदायी संस्था को दी चेतावनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की गति धीमी है। कार्यदायी संस्था निर्धारित समय तक लक्ष्य पूरा नहीं कर पाई । इसके लिए मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड ने कार्यदायी संस्था को समय के भीतर कार्य पूर्ण करने पर नई कंपनी से अनुबंध कर विभाग का कार्य कराए जाने की चेतावनी दी है।साथ ही 15 दिन में लिखे गए पत्र का जवाब मांगा है

गुरुवार को मुख्य अभियंता डॉ अरविंद सिंघल ने बताया कि जिले में 4 लाख 50 लाख उपभोक्ता हैं। जिसके लिए दिसंबर में दिल्ली की स्मार्ट इंटेली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका दिया गया था। साथ ही मई के अंत तक कार्य पूरा करने का समय भी निर्धारित किया गया था। कंपनी द्वारा अब तक मात्र 33600 विभाग उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगा पाए हैं।

# धोखाधड़ी कर आठ दोपहिया वाहन कराए फाइनेंस, फिर कर दिए बिक्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी को चूना लगाने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए आठ दोपहिया वाहन फाइनेंस कराकर उन्हें बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कथित सामाजिक कार्यकर्ता ने साजिश रचकर फाइनेंस एजेंट को विश्वास में लेकर लाखों की धोखाधड़ी की। कटघर थाना पुलिस ने इस संबंध में 5 महिलाओं समेत 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी दीपक कुमार फाइनेंस कंपनी टाटा कैपिटल में कार्यरत हैं। दीपक कुमार ने एसएसपी को बताया कि वह जवाहर ऑटो मोबाइल्स, हनुमान मूर्ति थाना कटघर स्थित शोरूम से टू-व्हीलर फाइनेंस का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अदनान उलहक निवासी मुगलपुरा उनसे मिला। जिसने खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताकर गाड़ियां फाइनेंस कराने की बात कही। अदनान ने पत्नी के नाम से पहली गाड़ी एक्टिवा फाइनेंस कराई, जिससे विश्वास हो गया। इसके बाद कुल आठ गाड़ियां अलग-अलग नामों पर फाइनेंस कराई। जिनमें कुछ महिला नाम भी शामिल हैं। फाइनेंस होने के बाद इन सभी गाड़ियों को अन्य लोगों को बेच दिया गया। अब इन वाहनों की ईएमआई बंद हो चुकी है और संबंधित व्यक्ति न तो फोन उठा रहे हैं और न ही अपने पते पर मौजूद हैं। जब दीपक ने अदनान से संपर्क किया तो उसने धमकी दी कि उसका काम फाइनेंस कंपनियों को ठगना है और शिकायत की तो जान से मरवा देगा। पीड़ित के अनुसार इस धोखाधड़ी में अदनान के साथ कई अन्य लोग, जिनमें महिलाएं भी हैं। पुलिस को इस संबंध में फोन कॉल की रिकॉर्डिंग भी सौंपी गई है। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# गैर मानक शराब की दुकानों को सील करने की मांग


आबकारी भवन पर प्रदर्शन करते भारतीय समाज सुहेलदेव पार्टी के कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भारतीय समाज सुहेलदेव पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया आबकारी भवन पर प्रदर्शन

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से गुरुवार को कच्ची शराब पर रोक लगाने, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, कॉलोनियों के पास संचालित गैर मानक शराब की दुकानों को हटवाने और आबकारी पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष रवि चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त लोगों की जांच कर कार्रवाई की जाए। सभी गैर मानक शराब की दुकानों को सील कर नियमानुसार संचालन सुनिश्चित किया जाए। धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, कॉलोनियों व पार्कों के 100 मीटर दायरे में संचालित शराब की दुकानों को तत्काल हटाया जाए। कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का, राजकुमार सिंह, जिला महासचिव गौरव कुमार, आकाश शर्मा, जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष (मुरादाबाद) मनोज कुमार जाटव, जिला सचिव आलोक कुमार, मोनू सैनी आदि

## स्कूल की कृषि भूमि के रुपये डकारे, प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गक्खरपुर गांव के कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक काटे गए पेड़ व विद्यालय की कृषि भूमि का पैसा हजम करने के मामले निलंबित हो गए।

प्रभारी प्रधानाध्यापक रोहित कुमार पर स्कूल के पेड़ काट कर बेचने व विद्यालय के नाम कृषि भूमि से पैदा हुई फसल बेचकर पैसा हड़पने का आरोप था। गांव के प्रधान ने शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से की थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की थी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल और डीसी मिड डे मिल अखिलेश कुमार ने मौके पर जाकर जांच की। साक्ष्य के लिए शिकायतकर्ता ग्राम प्रधान को भी बुलाया गया। शिकायतकर्ता प्रधान ने विद्यालय में लगे पेड़ों की फोटो दिखाई । जिस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कोई सबूत जांच टीम को नहीं दे पाए। जांच टीम को आरोप सही लगे। इसकी रिपोर्ट उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी सौंपी। जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक रोहित कुमार को निलंबित कर दिया।

# वन विभाग की टीम पर हमला कर दी धमकी...दस्तावेज फाड़े, पौधरोपण में बाधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छह नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर पौधरोपण करा रही वन विभाग की टीम पर हमला कर सरकारी कार्य में बाधा डालने का गंभीर मामला सामने आया है। हमलावरों ने न सिर्फ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि दस्तावेज फाड़कर वन दरोगा व वन रक्षक के साथ मारपीट भी की।

बीते मंगलवार सुबह लगभग 10:20 पर वन विभाग में तैनात वन दरोगा कपिल कुमार रेलवे विभाग से प्राप्त ताजपुर माफी गांव की भूमि पर पौधरोपण कार्य करा रहे थे। कुछ अराजक तत्व मौके पर पहुंचे और काम कर रहे मजदूरों को धमकाते हुए गाली-गलौच करने लगे। वन दरोगा को जब फोन पर इस घटना की जानकारी दी गई तो वह गौरव कुमार, वन रक्षक के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहले से ही भारी संख्या में लोग जमा थे। इनमें हरिद्वारी, सुभाष, लवी सागर, महावीर, नाजिम चौधरी, सद्दीक सहित 15-20 अज्ञात लोग शामिल थे। वन दरोगा के अनुसार उन्होंने समझाने की कोशिश की और पौधरोपण कार्य के आदेशों की प्रतिलिपि भी दिखाई, लेकिन भीड़ ने दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए और दोनों कर्मचारियों से मारपीट की। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा इस भूमि पर कार्य करते पाए गए, तो अंजाम बुरा होगा। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित वन दरोगा की तहरीर पर 6 नामजद और लगभग 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# युवक की मौत पर हंगामा, हत्या का आरोप

## परिवारवाले बोले- पुलिस के थर्ड डिग्री देने से आईं गंभीर चोटें बनीं मौत की वजह

संवाददाता, भोजपुर

- 10 जून को छेड़छाड़ के आरोप में हिरासत में लेकर किया था युवक का चालान
- अस्पताल में चल रहा था भोजपुर के अरशद का उपचार, वहीं तोड़ा दम

**अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव सरदार नगर निवासी युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर थर्ड डिग्री देकर गंभीर चोटें पहुंचाने को मौत की वजह बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।

मृतक की मां इशरत जहां ने बताया कि 10 जून को पड़ोसी इल्यास से बेटे अरशद की मामूली कहासुनी हो गई थी। इल्यास की पत्नी आशरून ने अरशद खिलाफ छेड़छाड़ करने की झूठी तहरीर थाने में दे दी। पुलिस ने युवक को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान किया था। बेटे ने घर आकर बताया कि पुलिस ने करंट लगाकर थर्ड डिग्री दी है। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। गुरुवार को मौत होने पर परिजनों ने पुलिस व विरोधियों पर साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। दोपहर बाद तक पंचायत हुई। नतीजा नहीं निकलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक अरशद।



भोजपुर के गांव सरदार नगर में मृतक अरशद के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। • अमृत विचार

### पुलिस बोली, कोई मारपीट नही की

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि युवक का 10जून को पड़ोसी से विवाद हुआ था। हंगामा होने की स्थिति में पड़ोसी की शिकायत पर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अरशद का चालान कर दिया था। उसके साथ पुलिस ने कोई मारपीट नही की। पीएम रिपोर्ट आने पर हकीकत का पता चलेगा।

## फंदे से लटकी मिली महिला, हत्या का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फंदे पर लटककर मौत को गले लगा लिया। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर का है। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव गजरौला निवासी महबूब ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी सात माह पूर्व कोतवाली के क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी जीशान के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। तीन दिन पहले बेटी ने ससुराल में झगड़ा होने की बात कही थी। अब गुरुवार को बेटी के फांसी लगाने की खबर मिली। पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने गला घोंट कर मारा है, फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

## शिवसेना ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**बिलारी, अमृत विचारः** गुरुवार को शिवसेना का 59 वां स्थापना दिवस धूमधाम से शिवसेना कार्यालय पर आयोजित किया गया। शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने शिवसेना कार्यालय पर सर्वप्रथम स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे को नमन करते हुए बाला साहिब को मिष्ठान का भोग लगाया। कहा कि बालासाहेब हमेशा कहते थे कि शिवसेना 80 प्रतिशत समाज सेवा, 20 प्रतिशत राजनीति करती है।

इसी का पालन करते हुए शिव सैनिक सेवा में सबसे आगे रहते है। कहा बालासाहेब हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, महेश सिंह, सुशील शर्मा ,सौरव सक्सेना, दिनेश आजाद, विनोद यादव, निपेंद्र चौधरी, संजीव सक्सेना, राजेश ठाकुर, कुश सक्सेना, बीनू ठाकुर ,अभिषेक शर्मा, पुखराज गुप्ता, राजीव ठाकुर, विजय माथुर, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता,मुकेश राघव,भूरा भाई आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### विश्व में मजबूत हुई भारत की स्थिति



**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा द्वारा आयोजित पंचायत चौपाल अगवानपुर मंडल के शक्ति केंद्र बहेड़ी ब्रहमनान, धारक नगला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भजनलाल पाल, जिला सह संयोजक भाजपा रितिक बिश्नोई पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक सहरावत, मंडल मंत्री दिव्यांश विश्नोई, मंडल मंत्री रवि तोमर, मंडल मंत्री राजेश रूहेला, सोमवीर सिंह व शक्ति केन्द्र संयोजक मयंक भारद्वाज, बूथ अध्यक्ष भीम सिंह, विकास कुमार चंद्रा,अमन, दीपक कुमार सहित आदि उपस्थित रहे ।

### चौपाल में बताईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां



**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी क्षेत्र के ग्राम मनकूला में चौपाल लगाकर भाजपाइयों ने ग्रामीणों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। बुधवार की अपराह्न मनकूला गांव में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता विश्वास यादव लवली पहुंचे। भाजपा नेता विश्वास यादव ने कहा कि मोदी सरकार सभी वर्गों को एक साथ लेकर चल रहे हैं। किसानों, व्यापारियों के हित में लगातार कार्य को रही है। आईटी सेल के जिला संयोजक आदित्य शंखधर , मंडल कोषाध्यक्ष वीरपाल जी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इमरान पाशा, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अमित पाल, तेजेंद्र कुमार, लखन चौधरी, राहुल सैनी, रोहतास सिंह, फिरोज आलम, राजेंद्र पाल, मलखान सिंह, महेंद्र पाल, जालम सिंह आदि मौजूद रहे। उधर करसरा में भाजपा नेता सुरेश सैनी ने चौपाल में ग्रामीणों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

### रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत स्थित यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दानिश सैफी के कैंप कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस मौके पर दानिश सैफी ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर समाजसेवा का संदेश दिया। केक काटने और रक्तदान के साथ-साथ क्षेत्रीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### कांग्रेसियों ने किया शरबत वितरण



**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छजलैट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 55 वें जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने पुराना बस स्टैंड पर ठंडे शरबत का स्टॉल लगाया। शरबत वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन पर यह कार्यक्रम भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा के जरिए देशभर में एकता का संदेश दिया है। कांग्रेसी भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ एकजुट हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, शरीफ आजाद, सीपी सिंह, परम सिंह सैनी, मेहर सिंह सैनी, हाजी नसीम, रहीसुद्दीन, विजय भटनागर, जफ़र, तारिक़ रियाज, सोमवीर यादव, कलुआ, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### कब्रिस्तान में यूकेलिप्टस का कटान, राजस्व विभाग ने कब्जे में ली लकड़ी

**भोजपुर, अमृत विचार :** पीपलसाना रेलवे स्टेशन के सामने कब्रिस्तान में खड़े पच्चीस साल पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ों को कस्बे से जा चुकी शांति पत्नी सेमुअल ने लाखों रुपये में ठेकेदारों को बेच दिया। गुरुवार की सुबह ठेकेदारों ने पेड़ काट दिए। राजस्व विभाग को भनक लगी तो हल्का लेखपाल हरिराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर कटी हुई लकड़ी को कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि आजादी के बाद कस्बे में एक ईसाई परिवार रहने लगा था। उन्होंने घर के एक हिस्से में चर्च बना लिया। कब्रिस्तान नहीं होने पर राजस्व विभाग ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन के सामने स्थित ग्राम समाज की जमीन को ईसाई कब्रिस्तान के लिए आवंटित कर दिया। उसी समय वहां पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे। शांति के पति सेम्युअल की मौत और तीनों बेटियों का विवाह होने के बाद वह अकेली रह गईं। छह महीने पहले वह घर बेचकर बेटियों के पास जाकर रहने लगीं। चर्च बेचने का भी उनपर आरोप लगा था। जिसकी जांच राजस्व विभाग ने की थी। अब उन्होंने कब्रिस्तान में खड़े पेड़ों को बेचा तो राजस्व विभाग ने एक्शन ले लिया। पेड़ों का कटान कर रहे ठेकेदारों ने मौके से भागने में ही भलाई समझी। लेखपाल कटे पेड़ों को नगर पंचायत का कूड़ा उठाने वाली ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर नगर पंचायत कार्यालय में लाकर रख दिया। लेखपाल ने पेड़ों के कटान की रिपोर्ट एसडीएम सदर को भेजी है। उनके निर्देशों के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### रजिस्टर्ड खरीदी भूमि को जोतने से रोक रहे दबंग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रजिस्टर्ड बनाने से खरीदी गई भूमि को जोतने व बुवाई करने के दौरान आए दिन व्यवधान करने के मामले में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी । उत्तराखंड के काशीपुर के मोहल्ला साकेत नगर वार्ड 6 निवासी ज्ञान सिंह पुत्रराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 7 फरवरी 2025 को थाना डिलारी के गांव में मलकपुर सेमली निवासी पर्वेंद्र कुमार पुत्र विक्रम सिंह से ठाकुरद्वारा के गांव पंडितपुर में खेती की भूमि रजिस्टर्ड बयाने से खरीदी थी। उस समय से पुत्र धीरेंद्र चौहान उक्त भूमि पर काबिज चला आ रहा है। आरोप है कि गांव के संदीप कुमार, नवीन कुमार, ममता देवी, प्रिया, करतार सिंह, दीपांशु, गीतांशु निवासी वकावाला कार्य करने के दौरान आए दिन गाली गलौज कर व्यवधान पैदा करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। करतार सिंह पुत्र छोटे सिंह जो कि अनुसूचित जाति का है आरोपियों ने उसे अपने पक्ष कर लिया है। 18 जून को वह और पुत्र खेत पर धान की रोपाई की तैयारी में जुटा था इसी दौरान सभी एक राय होकर खेत पर आए और धमकी दी कि खेत पर आया तो तुम दोनों को जान से मार देंगे।

### प्रेम प्रसंग में की शादी, पांच लाख न मिलने पर मारपीट कर निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका अब्दुल्लापुर गांव लेदा निवासी मो सानिव पुत्र नूर हसन के साथ 4 अप्रैल 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास खातून, ननद रुखसाना, इरफान व गुलशन पत्नी आबिद निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उसे भूखा प्यास रखते और मारते पीटने थे। जेठ मो. इरफान बुरी नजर रखता था। 17 जून को शाम वह कमरे में थी। तब जेठ मो. इरफान उसके कमरे में जबरदस्ती घुस आया और बलात्कार का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने ससुरालियों से शिकायत कर जेठ पर कारवाई कराने के लिए कहा तो सभी ने बुरी तरह मारा पीटा और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जान शुरू कर दी।

### योगाभ्यास से तनावमुक्त रहने का किया आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडी बांस स्थित दिव्य योग केंद्र पर विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे शिविर में गुरुवार को डॉ. मनोज रस्तोगी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। उन्होंने बताया कि योग ना केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि बढ़ते प्रदूषण एवं मानवीय व्यवस्थाओं से उपजी समस्याओं के निवारण में इसकी सार्थकता जरूरी है। शिविर में ताड़ासन, सर्वांगासन, मर्कटासन,आकर्ण धनुरासन, पाश्चत्यासन, पवनमुक्तासन आदि आसन का अभ्यास कराया। आदर्श गुप्ता, सुमन रस्तोगी, डॉली खन्ना, पल्लवी अग्रवाल, रश्मि रस्तोगी, नीरू रस्तोगी, रविंद्र रस्तौगी, कल्पना शंकर, राघव रस्तोगी आदि रहे।

### शिवसैनिकों ने जरुरतमंदों को बांटीं मिठाइयां



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना ने अपना 59 वां स्थापना दिवस मनाया। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटी। जिला प्रमुख गुड्डू सैनी कहा कि शिवसेना राजनीतिक संगठन होने के साथ सामाजिक संगठन भी है। महानगर के 25 वार्डों में स्थापना दिवस मनाया गया। जिला प्रमुख गुड्डू सैनी के नेतृत्व में 25 वार्डों के अलावा रेलवे स्टेशन, वृद्ध आश्रम, अनाथ आश्रम में फल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि 19 जून 1966 को मुंबई के दादर में शिवाजी पार्क में शिवसेना की स्थापना हुई थी। महानगर प्रमुख मनोज कुमार ने शिविर लगाकर भोजन वितरण किया। राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, बाबा कुशल सिंह, राकेश कुमार प्रजापति, कपिल कुमार, प्रमोद सागर, मुकेश वर्मा ,मुनेश सैनी, बाबू सैनी, अतुल कुमार, जिला उप प्रमुख हरकिशोर सैनी, विशाल सैनी ,रंजीत कश्यप ,बाबू सैनी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने की तैयारी



**बिलारी, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर पालिका परिषद परिसर में योगशाला में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी की गई। भारत स्वाभिमान और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वाधान में योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर और मीना गुप्ता, बीना गुप्ता ने संयुक्त रूप से योग साधकों को योग का अभ्यास कराया। 21 को नगर पालिका परिषद परिसर में सुबह 6 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयुष मंत्रालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार योग का पूर्व अभ्यास कराया गया। शुक्रवार को नगर में योग को लेकर जन जागरुकता यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में प्रमोद शर्मा, नरेंद्र सिंह चौधरी, वृत पाल सिंह, सौरभ गुप्ता, डॉ. राजवीर सिंह, विनय चौधरी, राकेश गुप्ता, संजय सक्सेना, राकेश चंद्रवंशी,सुधीर गुप्ता, मलखान सिंह, विजेंद्र चंद्रवंशी, अजय राठी, राशि शर्मा मौजूद रहे।

### पुलिस को भी नहीं बख्शा, सिपाही की बाइक ले गए चोर

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बेखौफ चोर सिपाही की बाइक ले उड़े। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।16 जून को छजलैट खाने में तैनात सिपाही केशव कुमार लखनऊ में ड्यूटी से वापस आया। छजलैट में किराए के मकान में आराम करने लगा और उसने बाइक कमरे के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दी थी। बाहर निकाला तो देखा कि बाइक गायब थी। कांस्टेबल ने तहरीर थाना छजलैट पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### दहेज हत्या में वांछित पति गिरफ्तार, भेजा जेल

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को उप निरीक्षक शराफत अली ने गांव पीपलसाना निवासी साहिल उर्फ जुनैद पुत्र शाहिद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी के पिता, भाई और बहन के खिलाफ सास कौसर जहां ने दहेज की मांग को लेकर बेटी को यातनाएं देकर आत्महत्या करने को मजबूर करने के आरोप में 24अप्रैल को केस दर्ज कराया था। घटना के समय आरोपी पति बैंगलोर में था। पुलिस ने आरोपी शाहिद को अगले दिन गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। देवर और ननद फरार हैं।

# छोटा हाथी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- रतुपुरा दारापुर शरीफ नगर मार्ग पर हुआ हादसा, एक गंभीर घायल

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा रतुपुरा दारापुर शरीफ नगर मार्ग पर छोटा हाथी व बाइक सवारों की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक छोटा हाथी को घटनास्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में खड़ा कर फरार हो गया। राहगीरों ने सूचना पीआरबी पुलिस को दी। एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो चुकी थी तो दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मृतक शगुन कश्यप।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी शगुन कश्यप पुत्र रमेश सिंह व गांव कासचिन चौहान पुत्र सुमंत सिंह चौहान गुरुवार की दोपहर किसी काम से रतुपुरा गए थे। दोपहर 2:00 के लगभग दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रतुपुरा दारापुर मार्ग पर स्थित नलकूप पांच के निकट भगीया वाला मोड़ पर बाइक सवारों की सामने से आ रहे छोटा हाथी से आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद चालक छोटा हाथी को झाड़ियों में खड़ी कर फरार हो गया। खून से लथपथ दोनों घायल सड़क पर पड़े रहे। राहगीरों ने घायलों को देख सूचना पीआरबी पुलिस को दी और आसपास के लोगों को जानकारी दी। शगुन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सचिन को गंभीर अवस्था में रतुपुरा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। शगुन की मौत की सूचना पर पिता रमेश सिंह लल्लू सिंह माता व परिजनों का बुरा हाल था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की नहीं भेज दिया।

### सउदी अरब जाने वाला था शगुन

शगुन गुरुवार को सऊदी अरब जाने वाला था। उससे पहले ही दुर्घटना में उसकी मौत हो गई । परिजनों के सारे सपने अधूरे के अधूरे रह गए। बड़ा भाई कौशल सऊदी अरब में काम करता है। बताया जाता है कि उसी ने काम के सिलसिले में बुलाया था। शगुन गुरुवार सवेरे से ही जाने के लिए तैयारी में जुटा था। मौत की सूचना पर गांव में मातम छा गया ।



बिलखते पिता को संभालता रिश्तेदार।

# दायित्वों का निर्वहन समर्पण व अनुशासन के साथ करें



मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ कुंदरकी

**अमृत विचारः** कुंदरकी विधानसभा के चारों मंडलों कुंदरकी, रतनपुर, मूंढापांडे व दलपतपुर के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शुक्रवार को भदासना स्थित शिविर कार्यालय पर विधायक रामवीर सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने दाधिकारियों को भाजपा का पटका पहनाया और हेलमेट भेंट करते शुभकामनाएं दीं।

विधायक ने पदाधिकारियों मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। संगठन के नवनिर्माण में आप सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, बबलू जाटव, संजय कश्यप, राजवीर सैनी, यादराम पाल, ज्योति बाल्मीकि, संजय दिवाकर, अरविंद ठाकुर, माया राजपूत, पंकज शर्मा, पीयूष गौतम, हाजी मजलूम, उदय पाल लोधी, पिंकी ठाकुर, परशुराम सैनी, वीरपाल प्रजापति, अनिल गौतम, प्रताप लोधी, मुदित त्यागी, पूनम पाल, शरद चौहान, विपिन जाटव, रजनीश कुमार, अंकित चौहान, नरेश बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# विरोधियों से भी सरलता का व्यवहार करते थे प्रभु श्रीराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में श्रीराम कथा का तीसरा दिन

**अमृत विचारः** रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन गुरुवार को बरेली फरीदपुर के श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अति सरल है। क्योंकि अनुकूल व्यक्तियों के साथ सरलता का व्यवहार करना सुगम है, पर प्रतिकूल व्यक्तियों के साथ सरलता का व्यवहार करना बहुत कठिन है। प्रभु राम की विशेषता है वह अपने विरोधियों के साथ भी सरलता का व्यवहार करते थे।

कथा व्यास ने कहा कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है श्री राम तो रावण के साथ भी सरल हैं। वर्णन आता है राम रावण युद्ध के समय श्रीराम के प्रहार से रावण का रथ उसके हथियार सब कुछ नष्ट हो गए, वह रथ से नीचे गिर पड़ा तब प्रभु राम के हृदय में करुणा छा गई और वह द्रवित होकर कहने लगे हे वीर मैं देखता हूं तुम आज बहुत थक गए हो इसलिए आज रात्रि लंका के महलों में जाकर विश्राम करो। कल प्रातः काल नया स्वास्थ्य, नई स्फूर्ति, रथ व आयुध लेकर आना तब मैं तुम्हें अपना बल दिखाऊंगा।

उन्होंने बताया कि जब शत्रु की शक्ति क्षीण हो रही हो तब उसे मारना चाहिए पर श्री राम रावण से विश्राम करने के लिए कहते हैं, यह प्रभु राम की सरलता है। इतना ही नहीं जिस कैकई ने श्रीराम को राज्य के स्थान पर वनवास दे दिया प्रभु राम ने सदैव कौशल्या से अधिक आदर कैकई को दिया। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज कहते हैं हमारे प्रभु राम के समान कोई सरल नहीं है।

आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, ब्रह्मा अवतार गुप्ता, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, ज्ञानचंद गुप्ता, पंडित हेमंत भट्ट, पंडित देवेन्द्र ओझा, सुनील शर्मा, महेन्द्र जसूजा, दिनेश चंद्र टंडन आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने पुत्र रूस्तम अली व पुत्रवधू नाजमा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **हाशिम अली पुत्र श्री हाकम अली नि. ग्राम मतावली पट्टी परशुराम उर्फ नया गांव थाना असमोली जनपद- सम्भल**

**सूचना**

मैं आज सुबह लगभग 11 बजे अपने अधिवक्ता से मिलने कचहरी गई थी। कचहरी परिसर के आस-पास मेरा थैला कहीं गिर गया है। मेरे थैले में मेरी सम्पत्ति की डीड सं. 2550/14-05-1996 व अन्य कागज भी थे। काफी तलाशन करने पर भी नहीं मिला है। **श्रीमती सोनू गुप्ता पत्नी श्री संजय गुप्ता निवासी मकान सं. 15, चौरासी घंटा, मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कार्यक्रम | टीएमयू में प्रो. तुंगवीर सिंह आर्य ने समझाए अष्टांग योग के आठ चरण

# योग स्वास्थ्य ही नहीं, विचारों को भी करता है शुद्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्वास्थ्य में योग के दस वर्षों के प्रभाव का वैज्ञानिक व व्यावहारिक मूल्यांकन पर नेशनल सेमिनार

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस श्रृंखला में सार्वजनिक स्वास्थ्य में योग के बीते दस वर्षों के प्रभाव का वैज्ञानिक व व्यावहारिक मूल्यांकन पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान योग के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य वक्ता मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा संकायाध्यक्ष फिजिशियन प्रो. तुंग वीर सिंह आर्य ने कहा कि योग यौन संचारित रोगों व जनसामान्य में फैलने वाले रोगों की रोकथाम में भी प्रभावशाली है। कहा कि योग मन और शरीर दोनों के स्तर पर कार्य करता है। उन्होंने अष्टांग योग के आठ चरणों को समझाया। इससे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का आरंभ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन व अन्य अतिथियों ने किया। अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।



टीएमयू में में नेशनल सेमिनार का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते अतिथि।

उद्घाटन भाषण में वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा कि योग केवल शारीरिक क्रियाओं तक सीमित नहीं, बल्कि एक पूर्ण जीवनशैली है। उन्होंने जल्दी सोना व जल्दी उठना के सिद्धांतों को अपनाकर नियमित योगाभ्यास को विद्यार्थियों की दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

देव संस्कृति विवि हरिद्वार के डीन एकेडमिक्स प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि यह मन, आत्मा और विचारों को भी परिष्कृत करता है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योगाभ्यास से स्वरयंत्र और ऊपरी श्वसन तंत्र से संबंधित गंभीर समस्याओं में तेजी से सुधार होता है। कहा कि योग हृदय रोग, अस्थमा, अवसाद के लक्षणों को नियंत्रित करने में कारगर भूमिका निभाता है। यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि नियमित योगाभ्यास तनाव हार्मोन को कम करता है और शरीर में सकारात्मक न्यूरोकेमिकल परिवर्तनों को प्रेरित करता है। फाइन आर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य रविंद्र देव ने मुख्य वक्ताओं को चित्रकला भेंट की। दूसरे सत्र में 36 रिसर्च पेपर्स भी प्रस्तुत किए गए। अंत में कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा ने अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार जताया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन नीलम चौहान ने किया। इस दौरान प्रो. हरबंश दीक्षित, प्रो. एमपी सिंह, नीलिमा जैन, प्रो. शिवानी एम. कौल, प्रो.मनु मिश्रा, डॉ. विनोद जैन, डॉ. ज्योतिपुरी, प्रो. सुशील कुमार सिंह जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तनाव कम कर ऊर्जा बढाता है योग

**भोजपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में निर्धारित थीम योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरूवार को पूरक कुम्भक रेचक एवं आसन शीर्षक के अंतर्गत जानकारी दी गयी। पूरक,रेचक एवं कुम्भक एक श्वास चक्र के तीन भाग है जो प्राणायाम से जुड़े हैं। पूरक का अर्थ है सांस लेना, रेचक का अर्थ है सांस छोड़ना और कुंभक का अर्थ है सांस रोकना। ये तीनों क्रियाये प्राणायाम नामक यौगिक तकनीकी का हिस्सा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार एवं संचालन वंदना भारती ने किया।

### बिलारी में होगी शत्रु संपत्ति की नीलामी

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कई गांव में शत्रु संपत्ति की नीलामी के लिए ऑनलाइन निविदाएं मांगी गई हैं। डीएम अनुज सिंह ने एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह को निर्देश देकर प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। 25 को शत्रु संपत्ति की नीलामी की जानी है। बिलारी तहसील क्षेत्र के गांव सब्जीपुर में नीलामी की जानी है। तहसील में नामित पर्यवेक्षक प्रशांत सैनी को नियुक्त किया गया है।

## एक नजर

### शादी से इनकार पर युवक ने युवती पर किया चाकू से हमला

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के चपटा कॉलोनी निवासी युवती को युवक से शादी से मना करना भारी पड़ गया। गुस्साए युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवती घायल हो गई। युवती की मां ने गंज थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला को पीटकर किया घायल, 3 पर केस दर्ज

**रामपुर,अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी खुशनुमा का कहना है कि 14 जून की शाम को मेरी जेठानी कमरुल निशा मेरे को गाली दे रही थी। जब मैंने विरोध किया तो आरोपी कमरुल निशा उसके पति गुड्डू और बेटे मुस्तफा ने मुझे रास्ते में रोककर लाठी डंडों से बुरी तरह से मारा पीटा। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उसके बाद किसी तरह से मामले को शांत कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जमीन के विवाद में भाई ने भाई को मारी गोली,भर्ती

**रामपुर,अमृत विचार :** जमीन के विवाद में भाई ने भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज हो रहा है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीमेंट फैक्ट्री निवासी फिरोज का अपने बड़े भाई अफरोज से विवाद चला रहा था। गुरुवार शाम को दोनों भाई में कहासुनी को लेकर फिरोज ने अफरोज के गोली मार दी। गोली उसके जांघ में लगी। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर ने बताया कि भाई ने भाई के गोली मार दी। इस मामले की जांच की जा रही है।

### खेत गई मां-बेटी से युवकों ने की छींटाकशी

**मसवासी,अमृत विचार :** मसवासी चौकी क्षेत्र में गुरुवार शाम मां-बेटी अपने खेत में मिर्च तोड़ रही थी। इसी दौरान गांव के दो युवक खेत में घुस आए। मां-बेटी पर छींटाकशी करने लगे। जिसका मां-बेटी ने विरोध किया तो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इसी दौरान मौका पाकर दोनों युवक भागने में सफल हो गए। मामले की सूचना पाकर चौकी इंचार्ज सहित पुलिस बल मौके पर दोनों समुदायों को समझाकर मामला शांत कराया। वहीं पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता,मिलक

**कार्रवाई की मांग**

- बालू रेत का अवैध खनन, सरकारी जमीन पर कब्जा व धान खरीद में घपलेबाजी पर जताई नाराज़गी

**अमृत विचारर :** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर स्थित निरीक्षण भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार ने की। बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके निराकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग उठाई गई।

बैठक के उपरांत भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन तैयार किया, जिसे कोतवाली के माध्यम से उप जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित कर भेजा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह बताया गया कि क्षेत्र में बालू, रेत और मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। भू माफिया खुलेआम सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गरीब किसानों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो कोई प्रभावी कार्रवाई हो रही है और न ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। शिकायतों को झूठा निस्तारित कर फाइलें बंद कर दी जा रही हैं। किसानों ने धान खरीद प्रक्रिया में व्यापक घपलेबाजी का आरोप भी लगाया और बताया कि जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं। इसके अलावा नहरों की सफाई व संचालन में अनियमितता, कई जगहों पर बंद पड़ी नहरों को फिर से चालू कराने, और ग्राम पंचायत सचिवालयों में कार्य न होने की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। भाकियू ने मांग की कि इन सभी मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को न्याय मिल सके।बैठक में संगठन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ अपनी आवाज बुलंद की।

# टैक्स बढ़ोत्तरी से परेशान व्यापारियों का प्रदर्शन

## नगर पालिका चेयरमैन को ज्ञापन देकर कराया अवगत, टैक्स दरों में कटौती की मांग

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** तिलक कॉलोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय में मंगलवार को व्यापारियों की एक आपात बैठक बुलाई गई। बैठक के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पालिका परिषद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।


पालिका चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि वर्ष 2019 से अब तक नगर में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की दरें लगभग 50 गुना तक बढ़ा दी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद द्वारा अंधाधुंध तरीके से नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी असंतोष है। पूरे नगर में इन नोटिसों को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है।

संदीप अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही नगर की अर्थव्यवस्था उद्योगों के अभाव में चौपट हो चुकी है। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के कारण लाखों नागरिक, विशेषकर युवा, अपने बुजुर्ग माता-पिता और परिवार को छोड़कर अन्य प्रदेशों और विदेशों में नौकरी की तलाश में पलायन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में टैक्स की अत्यधिक बढ़ोत्तरी आमजन पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की बढ़ी हुई दरों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए। नगर पालिका परिषद के बोर्ड की अगली बैठक में प्रस्ताव पारित कर इस वृद्धि पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग की गई है। प्रदर्शन में कई प्रमुख पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे, जिनमें अब्दुल वासिक, पप्पू खान, शादाब खान, मोहम्मद रफी, दानिश नजाकत अली, विष्णु सैनी, विजय सैनी, सामी खान, मिलन सक्सेना, मोहम्मद यासीन, शाहिद खुसरो, अलीम खान, शादाब खान सहित सैकड़ों व्यापारी शामिल रहे।

# झोलाछाप की लापरवाही से नवजात की मौत, प्रसूता की हालत गंभीर

## परिजनों ने तहरीर देकर अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप, हंगामा

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के चलते आठ माह की गर्भवती महिला की असमय डिलीवरी कराए जाने से नवजात की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना से परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने थाने में तहरीर देकर अस्पताल प्रबंधन पर जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है और न्याय की मांग की है।

शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी इकरार बेग के बेटे सलमान की पत्नी उमरा को 17 जून की सुबह अचानक पेट में तेज दर्द हुआ। उस समय उमरा गर्भावस्था के आठवें माह में थीं। परिजन तत्काल उन्हें सैफनी क्षेत्र के कासमनगला गांव स्थित अनजाना हॉस्पिटल ले गए। परिजनों का आरोप है कि बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की मौजूदगी और जरूरी चिकित्सीय जांच के उमरा को भर्ती कर लिया गया।



अस्पताल में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**पुलिस ने एक झोलाछाप आरोपी को हिरासत में लिया**

बुधवार शाम परिजनों ने सैफनी थाने में लिखित तहरीर दी। तहरीर में पूरे घटनाक्रम को विस्तार से बताते हुए संबंधित झोलाछाप समेत अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लेते हुए बुधवार देर शाम एक आरोपी झोलाछाप को हिरासत में ले लिया है और अनजाना हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष हमबीर सिंह ने बताया कि जांच चल रही है, सही पाए जाने पर पीड़ित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद अस्पताल संचालका ने सैफनी के ही चांद हॉस्पिटल के डॉ. फहीम को बुलवाकर उमरा का ऑपरेशन करा दिया। ऑपरेशन के दौरान ही नवजात की मृत्यु हो गई, जबकि महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। जब परिजनों ने महिला को किसी बड़े अस्पताल में रेफर करने की मांग की, तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें रोक दिया। परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर पैसे वसूलने की नीयत से महिला को जानबूझकर वहीं रोके रखा गया, जिससे उसकी स्थिति और नाजुक हो गई। स्थिति गंभीर होते देख, अगले दिन जब इकरार बेग इलाज के लिए पैसे की व्यवस्था करने बाहर गए थे, तब अस्पताल संचालक ने परिजनों की अनुमति के बिना ही महिला को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में एंबुलेंस से भिजवा दिया। इस दौरान परिजनों को कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे उनकी चिंता और भी बढ़ गई। घटना को लेकर परिजनों ने सैफनी थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर अनजाना हॉस्पिटल की संचालक और डॉ. फहीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस घटना ने नगर में झोलाछाप डॉक्टरों और अनाधिकृत अस्पतालों की हकीकत को एक बार फिर उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब झोलाछाप की लापरवाही से किसी की जान गई हो। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे आम जनता की जान जोखिम में पड़ी है।

# सत्यापन के बाद 5 मृत हिस्ट्रीशीटर का रिकॉर्ड नष्ट

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना टांडा पुलिस द्वारा रजिस्टर नंबर- 8 की चेकिंग अभियान के तहत 4 प्रचलित,बंद शुदा एचएस सत्यापन के बाद पांच मृत हिस्ट्रीशीटर का रिकॉर्ड नष्ट किया गया। जिसमें टांडा के बादली निवासी शान्ति प्रसाद गुप्ता की मृत्यु हो गई है । जिसके सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं परिजनों द्वारा थाना टांडा पर तहरीर उपलब्ध कराई थी।मृत्यु होने के कारण खाका नष्ट करने की कार्रवाई की। उसके बाद टोडीपुरा निवासी फरियादी उर्फ शौकत की भी मौत हो गई। जिसके बारें में ग्राम प्रधान एवं परिजनों द्वारा थाना टांडा पर जानकारी दी गई। शान्ति प्रसाद का खाका नष्ट किया। मोहल्ला राहपुरा निवासी अब्दुल हकीम की भी मौत हो गई।जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसकी हिस्ट्री बंद कर दी। ग्राम भाऊपुरा निवासी रामकिशन की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इसका भी खाका नष्ट कर दिया। उसके बाद पुलिस ने बालक राम निवासी ग्राम उदयपुर जागीर थाना मिलक की मृत्यु होने की जानकारी मिली,तो उसका भी खाका नष्ट कर दिया।

## सार-संक्षेप

### आज से 10 जुलाई तक मिलेगा खाद्यान्न

**रामपुर,अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 20 जून से 10 जुलाई राशन बांटा जाएगा। इस अवधि में अंत्योदय कार्डों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा. चावल (कुल 35 किग्रा) खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 2 किग्रा गेहूं प्रति यूनिट तथा 3 किग्रा चावल प्रति यूनिट कुल 5 किग्रा प्रति यूनिट खाद्यान्न का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून, 2025 के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपये में वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। योजना के तहत वितरण की अन्तिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित है। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। साथ ही जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं, कार्डधारकों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाए।

### बिजनौर की डीएम को समिति ने किया सम्मानित



बिजनौर की डीएम को सम्मानित करते समिति के पदाधिका।

**रामपुर,अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के पदाधिकारी एकत्र होकर बिजनौर पहुंचे। उसके बाद वहां की जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात की। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया बिजनौर में जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात की बहुत ही सरल स्वभाव की जिलाधिकारी से वार्ता हुई। उन्हें रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि वह रामपुर जरूर आएंगे। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से जिलाधिकारी को शील्ड देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर समिति के वरिष्ठ मेंबर सेवा सिंह, कुलविंदर सिंह, मोनू सिंह, मनिंदर सिंह मौजूद रहे।

### एएसपी ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी

**रामपुर,अमृत विचार :** गुरुवार को एएसपी ने पुलिस लाइन में व्यापारियों के साथ गोष्ठी की। उसके बाद उनकी समस्याओं को सुना। उनसे संबंधित कर्मचारियों को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। गुरुवार को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर पुलिस लाइन में गोष्ठी का आयोजन हुआ ।जिसमें एएसपी अतुल कुमार पहुंचे। इस दौरान सभी संगठनों से जुड़े हुए व्यापारी पहुंचे ।सभी ने अपनी अपनी समस्याओं के बारे में एएसपी को बताया। जिसमें एएसपी ने जल्द ही समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर संदीप सोनी, पप्पू खां सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्लाईवुड फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**रामपुर,अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने प्लाईवुड फैक्ट्री का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अनुदानित नीम लेपित यूरिया का डायवर्जन रोकने को शासन द्वारा आदेशों के निर्देश दिए हैं। टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग करने वाली औद्योगिक इकाइयों यथा पशु आहार, कुक्कुट पालन, पेंट में इमल्सन बाइंडर, चीनी,शीरा का अल्कोहल किण्वन, प्लाईवुड और पार्टिकल बोर्ड उद्योग, प्लास्टिक उत्पादों, कपड़ा रंगने या छपाई, डिश शोप आदि में सघन छापेमारी के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर गठित टीम द्वारा टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग करने वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों पर छापामारी की गयी। जनपद में कुल 5 औद्योगिक इकाइयों ग्राम बदपुरा शर्की भमरौआ रोड स्थित मैसर्स एसके इण्डस्ट्रीज, मैसर्स गोरी शंकर बदपुरा शर्की, मैसर्स एनजी प्लाई वुड विनियर इंडस्ट्रीज है। इसके अलावा रेडिको खेतान के पीछे स्थित मैसर्स एसएस प्लाईवुड और मैसर्स दमन प्लाईवुड, बरेली रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन औद्योगिक इकाईयों पर टेक्निकल ग्रेड यूरिया का स्टॉक नहीं पाया। न ही नीम लेपित यूरिया का प्रयोग होता हुआ पाया गया।

### एसपी ने सुनीं समस्याएं,निस्तारण के दिए निर्देश


आरक्षियों को समझाते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र। अमृत विचार

**रामपुर,अमृत विचार :** रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण के लिए आए रिक्रूट आरक्षियों की गणना की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ये रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के माध्यम से चयनित हुए हैं और वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दहेज में 50 हजार व रंगीन टीवी न मिलने पर दिया तलाक

- पत्नी की तहरीर पर पति समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर,अमृत विचार :** दहेज में 50 हजार रुपये नकद और रंगीन टीवी की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। महिला का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई और बाद में पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर पति समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजद्वारा निवासी शगुफ्ता परवीन ने बताया कि उसकी शादी 28 दिसंबर 2024 को बढ़ईयों वाली मस्जिद निवासी दानिश से हुई थी। शुरुआत में सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुरालवालों ने दहेज में 50 हजार रुपये नकद और रंगीन टीवी की मांग शुरू कर दी ।जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़िता के अनुसार, लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के बाद पति ने उसे तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपने मायके लौट आई और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद शगुफ्ता परवीन कोतवाली पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने पति समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को पटका पहनाकर किया स्वागत

**संवाददाता, बिलासपुर,अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में भाजपा नगर मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत किया।मंत्री ने सभी सदस्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा ने हाल ही में संगठन पर्व के तहत सभी मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की थी। बिलासपुर नगर मंडल की नई कार्यकारिणी के सदस्य मंत्री से मिलने पहुंचे। मंत्री औलख ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने हर बूथ पर पार्टी संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से पार्टी के कार्यक्रमों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाने को कहा। उन्होंने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और मिशन 2027 की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के प्रयास से 2027 में योगी के नेतृत्व में फिर मजबूत सरकार बनेगी ।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, जिला प्रतिनिधि चेतन परुथी, अंगनलाल राजपूत, मधुबाला गुगलानी, प्रशांत सक्सेना समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


नए पदाधिकारियों के साथ मौजूद राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन


राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन पर केक काटते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता,शाहबाद

**अमृत विचारः** शाहबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी के लीडर राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन अस्पताल में फल वितरण एवं केक काटकर बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस खास मौके पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशियां साझा कीं और राहुल गांधी के दीर्घायु एवं सफल भविष्य की कामना की।

जिला पंचायत सदस्य नुसरत बैग ने कहा कि राहुल गांधी करोड़ों देशवासियों की आवाज बन कर उभरे हे दलितों की लड़ाई पिछड़ों की लड़ाई यदि आज के समय में कोई नेता लड़ रहा है, तो वो राहुल गांधी हैं। इस दौरान यूथ कांग्रेस के नगरध्यक्ष शाजमान आर्यन ने कहा कि विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी एक बेहतरीन नेता साबित हुए है। इस मौके पर नुसरत बैग,शाहवेज खान,शाजमान आर्यन, कामरान खान, इलयास खान,आसिफ सैफी,अलीम,मनोज,विजय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**भैरव बाबा मंदिर पर पूजा कर की दीर्घायु की कामना :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के जन्म उत्सव के इस अवसर पर कांग्रेसियों ने नगर के बाईपास स्थित भैरव बाबा मंदिर पर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए दुग्ध अभिषेक और शिव चालीसा,भैरव चालीसा, ओम नमः शिवाय,ओम श्री भैरव देवाय नमः के जयकार लगाकर विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल यदुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी गरीब, मजदूर, दलित के मसीहा हैं। उन्होंने गरीब, दलितों के पास जाकर उनके समस्याएं जानी है। उनका मुख्य लक्ष्य आम लोगों के जीवन स्तर को सुधारना है साथ ही देश की एकता और धर्मनिरपेक्षता चरित्र की रक्षा करते हुए आधुनिक भारत का निर्माण करना है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जीवेंद्र सिंह गंगवार, पूर्व नगर अध्यक्ष हसीब खान, राहुल शुक्ला, वेदराम यादव, श्याम पाल शर्मा, रमेश बाबू, कौशल सक्सेना, बद्री प्रसाद, काशीराम आदि लोग उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी ने देश को जोड़ने के लिए आंदोलन किया : फूलकुंवर


राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर केक काटते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**रामपुर,अमृत विचार :** पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस समन्वयक फूलकुंवर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जो भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने का आंदोलन है। वे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की राजनीति कर रहे हैं। यही भारत की असली संस्कृति है ।आईसीसी सदस्य मुतिउर्रहमान बब्लू के आवास पर राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के आकाश पर तानाशाही के घने काले बादल छाए हुए हैं। आज समूचा देश इस अंधकार से मुक्ति के लिए जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। राहुल गांधी वह आवाज हैं जो संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अडिग खड़ी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि आज देश को राहुल गांधी जैसे ईमानदार और दूरदर्शी नेता की जरूरत है।

**खुशखबरी** — बोर्ड के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी की ओर से जारी हुआ आदेश

# सुन्नी औकाफ के मुतवल्ली बने नवाबजादा हैदर अली खां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को 12 औकाफ का मुतवल्ली नियुक्त किया है। बोर्ड के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी की ओर से जारी आदेश किया गया है।

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को जिन औकाफ का मुतवल्ली बनाया है, उनमें वक्फ संख्या 1 से 13 तक व 146 शामिल हैं। 14 जून 2025 को जारी बोर्ड के आदेश पर अध्यक्ष के अलावा सदस्य नईम उर्रहमान सिद्दीकी और अदनान फर्रुख शाह के भी हस्ताक्षर हैं। हमजा मियां शिया शाही औकाफ के भी मुतवल्ली हैं। शिया औकाफ पर भी उनका नियंत्रण हैं। सपा शासन में 2014 में औकाफ के मुतवल्ली बनाए गए अजहर खां, परवेज खां, दानिश अली खां, नासिर खां और इसके बाद 2021 में फहद अहमद खां जमाली को अलग अलग वक्फ का मुतवल्ली बनाए जाने के आदेश को बोर्ड ने वापस लेते हुए सभी को हटा दिया है। बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि शाही रियासत रामपुर के वक्फनामे के मुताबिक शाही घराने के लोग ही इन औकाफ के मुतवल्ली हो सकते हैं, इसलिए अन्य किसी को मुतवल्ली बनाये रखना उचित नहीं है। बोर्ड ने न्यायालय में स्थगन आदेश वाले वक्फ संख्या 157 को छोड़कर शेष सभी 12 वक्फ का प्रबंधक नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को नियुक्त कर दिया है।


नवाबजादा हैदर अली खां।

**वक्फ पर दोबारा नियंत्रण से शाही परिवार में खुशी**

सपा शासन में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां से औकाफ के मुतवल्ली का ओहदा छीन लिया गया था। अब एक बार फिर वक्फ पर दोबारा नियंत्रण से शाही परिवार में खुशी है। मुतवल्ली बनाए गए हमजा मियां नवेद मियां के बेटे हैं। उनके दादा पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां भी औकाफ के मुतवल्ली रहे हैं। हमजा मियां ने बोर्ड के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि वक्फ संपत्तियों के उचित प्रबंधन पर ध्यान देंगे।

# अजीतपुर में बिजली ट्रिपिंग से लोग परेशान, हंगामा

**रामपुर,अमृत विचारः** अजीतपुर में बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई है। करीब आठ घंटे बिजली बंद होने के कारण उपभोक्ता काफी परेशान हैं। जब बिजली घर में फोन करके उपभोक्ता जानकारी लेते हैं तो उनको कोई सही जबाव नहीं मिल रहा है। भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कतें आ रही है।

भीषण गर्मी में बिजली की व्यवस्था धड़ाम हो गई है। लोगों को बिजली समय से नहीं मिल पा रही है। अजीतपुर क्षेत्र में बिजली पूरी तरह से नहीं मिलने के कारण लोग परेशान है। नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। मोहल्ला विष्णु विहार में बुधवार रात से बिजली आवाजाही से लोग काफी परेशान है।बुधवार रात को दो बिजली चली गई। उसके बाद सुबह सात बजे बिजली आई। फिर दस बजे बिजली फिर से चली गई। उसके बाद दोपहर दो बजे बिजली आई।आधा घंटा रुकने के बाद फिर से चली गई। जब इस बारे में अजीतपुर बिजली घर में अधिकारियों से संपर्क साधा गया,तो कोई सही जवाब नहीं दे सका। अधिशासी अभियंता पीके शर्मा का कहना है कि केबिल में फॉल्ट हो गया है। इसलिए बिजली बंद है। जबकि सिविल लाइन एसडीओ सचिन रस्तोगी का कहना है कि बिजली के कनेक्शन काटे जाने के दौरान बिजली बंद है।अधिकारियों तक को इस बारे में कुछ सही से जानकारी नहीं है। इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। जबकि मोहल्ला शिव विहार में बिजली बंद रही।

# जैसे साधन होते हैं वैसी होती है साधना : रविराज सिंह

## रजा लाइब्रेरी के रंग महल में हुआ वसुधैव योग कार्यक्रम, विशेषज्ञों ने साझा किए अपने-अपने विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के रंग महल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विशेषज्ञों ने योग के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा दोपहर 1 बजे रजा लाइब्रेरी के सभागार में लगी प्रदर्शनी का अतिथियों ने उद्घाटन किया। प्रयागराज से आए मुख्य अतिथि रविराज सिंह ने कहा कि जैसे साधन होते हैं वैसी ही साधना होती है, उन्होंने योग की विस्तृत जानकारी दी।

रजा लाइब्रेरी के रंग महल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 21 जून सबसे बड़ा दिन होता है, इसलिए इस दिन योग दिवस मनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि रविराज सिंह ने कहा कि जैसा हमारा दर्शन होता है वैसा हमारा लक्ष्य होता है और जैसा हमारा लक्ष्य होता है वैसे हमारे साधन होते हैं। जैसे साधन होते हैं वैसी ही हमारी साधना होती है। कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या है कि जीवन में दर्शन गायब है। दर्शन को केवल बौद्धिक विलास समझ लिया गया है। जैन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मुनीश शर्मा ने कहा कि 35 मिनट में योग और आसन किया जा सकता है। कहा कि रोगों से मुक्ति पाना है तो योग करना होगा। कहा कि योग करने से कर्मों में कुशलता आती है। तनाव से निजात पाने के लिए योग संजीवनी है। अनिता शुक्ला ने कहा कि योग शरीर को स्फूर्ति देता है और मानसिक चेतना को अच्छा करता है। नकारात्मक ऊर्जा को हमसे दूर करने का कार्य करता है। अलीगढ़ मुस्लिम विवि के प्रो. सैयद तारिक मुर्तजा ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से योग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन परंपरा में यह विश्वास सदियों से जीवित है कि सर्वे भवंतु सुखिनः अर्थात सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों और सभी को शांति मिले। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का नाम वसुधैव योगः क्रिया एवं दर्शन है। इसके विभिन्न आयामों को लक्षित कर पाना एक संगोष्ठी संभव नहीं है। मनु महाराज ने कहा कि पृथिव्याम सर्व मानवः यानि कि कोई भी विद्या चाहे वह योग हो, सांख्य हो, न्याय हो सभी विद्याएं पृथिव्याम सर्व मानवः है। कहा कि हिरण्यगर्भ सूरूत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वह यज्ञ कौन सा है जिस यज्ञ से यज्ञ की उत्पत्ति हुई। कार्यक्रम के अंत में मौजूद लोगों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. मेहंदी हसन, अरुण सक्सेना, मोहनी, सनम अली खां, हिमांशु सिंह, डॉ. अनूप सिंह, मनोज कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। दोपहर को रजा लाइब्रेरी में लगी प्रदर्शनी का अतिथियों ने उद्घाटन किया।



रजा लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।

# स्वार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## नगर में मजार समेत 24 दुकानें ढहाई गईं, सड़कों के चौड़ीकरण की राह हुई आसान

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान एक मजार समेत कुल 24 दुकानों को जेसीबी और बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। सड़कों के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे इन अवैध निर्माणों को हटाकर क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराया गया।

प्रशासन ने पहले ही सार्वजनिक सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए समय निर्धारित किया था, परंतु तय समयसीमा बीत जाने के बाद भी कई दुकानदारों और मकान मालिकों ने कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए नगर में अभियान तेज कर दिया।

प्रशासन की कार्रवाई की खबर फैलते ही नगर में हड़कंप मच गया। मुंशीगंज मोड़ से लेकर नरपतनगर और बिजारखाता तक सैकड़ों दुइससे पहले ही पुलिस ने मुंशीगंज मोड़ पर बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए बेरिकेडिंग कर दी थी ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके।

एसडीएम अमन देओल और लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारियों की निगरानी में मजार समेत सभी अवैध निर्माणों को जेसीबी और बुलडोजर की मदद से हटाया गया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में वाहनों की मदद से मलबा उठाने का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। एसडीएम अमन देओल ने जानकारी देते हुए बताया कि, सड़क चौड़ीकरण की दिशा में यह एक अहम कदम है। जो भी अवैध कब्जे मार्ग में बाधा बन रहे थे, उन्हें हटाया जा चुका है। मलबा हटाने के बाद जल्द ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद प्रशासन ने साफ कर दिया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने आम जनता से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को सुविधा मिलेगी। कानदार और घर मालिक खुद ही अपने अतिक्रमण हटाने में जुट गए, जिससे कि वे प्रशासन की कार्रवाई से बच सकें।


स्वार में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम अमन देओल। अमृत विचार

## दूध व तेल के पांच नमूने जांच को भेजे

**रामपुर, अमृत विचारः** मिलावट की जांच के लिए अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दूध और तेल के 5 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। विशेष छापामार अभियान में रामरहीम चौक ज्वालानगर स्थित दूधिया फरीद पुत्र सलीम, पटवाई स्थित दूधिया नवासे पुत्र इमाम बक्श और दूधिया सरवर अली पुत्र मंसूर अली से दूध का 1-1 नमूना लिया। शाहबाद स्थित दूधिया नवाब हुसैन पुत्र नौसे से दूध का 1 नमूना लिया। शादी की मडैया, शाहबाद स्थित मैसर्स अकरम किराना स्टोर के अकरम के यहां से सरसों का तेल का 1 नमूना लिया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 5 विधिक नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव,मनोज कुमार, अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने को मिला एक सप्ताह

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचारः नगर की सब्जी मंडी मार्ग पर स्थित दुकानदारों को प्रशासन ने एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है। इसके बाद बुलडोजर की कार्रवाई होगी।

दुकानदार पिछले 40 वर्षों से यहां व्यापार कर रहे हैं। प्रशासन ने इन दुकानों को जाम का कारण बताते हुए हटाने के नोटिस जारी किए थे। दुकानदारों ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से मिल और समय मांगा था। गुरुवार को ध्वस्तीकरण की सूचना मिलते ही दुकानदारों ने अपना सामान निकालना शुरू कर दिया। कुछ दुकान स्वामी इस हड़कंप पर एसडीएम से मिलने तहसील पहुंचे। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार को बुलाकर मामले की जानकारी ली।इसके बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया ।दुकानदारों का कहना है कि वे नगर पालिका के वैध किराएदार हैं।उनके पास नगर पालिका द्वारा जारी 40 साल पुरानी किराए की रसीदें हैं। मार्च 2025 में रसीदें बंद कर दी गईं। अप्रैल में उन्हें अवैध अतिक्रमणकारी घोषित कर दिया गया। दुकानदारों ने सवाल उठाया है कि अगर यह अवैध अतिक्रमण था, तो इतने वर्षों तक किराया क्यों वसूला गया।उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।


कागजात दिखाते दुकानदार। अमृत विचार

# मंदिर की दीवार तोड़ने पर प्रदर्शन

संवाददाता स्वार

**अमृत विचारः** गांव लखीमपुर में गोस्वामी समाज के लोगों द्वारा श्री कैलाशपति शिव मंदिर की दीवार तोड़ने से क्षुब्ध प्रधान पति समेत ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर खीरी की है। गुरुवार को गांव के ही गोसाई समाज के लोग एकत्र होकर गांव स्थित श्री कैलाशपति शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर की दीवार तोड़ना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर ग्राम प्रतिनिधि समेत ग्रामीण एकत्र हो गए। मंदिर की दीवार तोड़े जाने का विरोध शुरू कर दिया। जिससे दोनों पक्षों में तनातनी शुरू हो गई। जिससे क्षुब्ध ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मामले की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामवीर पाल ने कोतवाली पुलिस को दी। जिससे पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। दीवार तोड़ रहे विशाल कुमार व कपिल नाथ को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है।विरोध जताने वालों में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामवीर पाल, रामगोपाल दिवाकर, नरायन दास दिवाकर, वीर सिंह दिवाकर पंकज मौर्य आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


स्वार में मंदिर की दीवार तोड़े जाने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# योग भारतीय संस्कृति की देन : हरीश गंगवार

**रामपुर अमृत विचारः** भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत 21 जून 2014 से हुई, लेकिन इसका इतिहास पांच हजार वर्ष से भी पुराना है। ऋग्वेद के दसवें मंडल के अनुसार हिरण्यगर्भ को योग का उत्पत्ति कर्ता माना गया है।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने अपने निवास स्थान नर्मदा मंदिर पर योग किया। साथ ही साथ जन समस्या लेकर आए कार्यकर्ताओं को भी साथ में योग कराया। कहा कि इस साल योग दिवस की थीम योगा फॉर वन हेल्थ, वन अर्थ रखी गई है। शहर के युवा भी योग के दक्ष साधक है। जिला से लेकर मंडल और प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।योग के माध्यम से हम अपने आप से जुड़ते हैं। अपने जीवन को सफल बनाते हैं। योग अब सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि लोगों की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। अगर सही तरीके से और नियमित रूप से योग किया जाए तो कई बीमारियों से बिना दवा के भी निजात पाई जा सकती है। योग केवल एक दिन करने की चीज नहीं है। इसे तो दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है, हम सभी जानते है कि योग भारतीय संस्कृति की देन है। यह हजारों सालों से मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करता आ रहा है।

# स्कूल, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को कराया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्कूल कालेजों में गुरुवार को प्रशिक्षकों ने गुरुवार को छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. मुजाहिद अली छात्र-छात्राओं को अनुलोम-विलोम और कपालभाति का अभ्यास कराया। जबकि, राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हुए विशेष कार्यक्रम रोग निवारण में योग, वैज्ञानिक शोध एवं निष्कर्ष" का आयोजन हुआ। इसके अलावा यह फिजिकल कालेज स्टेडियम पर भी योगाभ्यास हुआ।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को रोगों के निवारण में योग की भूमिका पर परिचर्चा हुई। डॉ. मुजाहिद अली ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का सशक्त विकास उसकी जनता के स्वास्थ्य व चिकित्सा व्यवस्था पर निर्भर करता है। हमारे वेदों, पुराणों व आयुर्वेद में योग व रोग पर विस्तृत वर्णन है। डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. कैश मियां, डॉ. अमजद खान आदि मौजूद रहे। राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में कालेज प्राचार्य डॉ. राधेश्याम गिरि ने कहा कि आज के समय में योग न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह विभिन्न रोगों के निवारण में भी कारगर सिद्ध हुआ है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केसी दिवाकर ने सभी प्रतिभागियों को योग का अभ्यास कराते हुए विभिन्न योगासनों की उपयोगिता एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। डॉ. पवन कुमार और डॉ. बाल मुकुंद वर्मा ने विचार साझा किए। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, जाफर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे। इंडियन योग एसोसिएशन उत्तरप्रदेश एवं क्रीड़ा भारती के द्वारा महात्मा गांधी स्टेडियम फिजिकल कॉलेज आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ की लिए अंतरा यादव के द्वारा ताड़ासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, शान्ति पाठ अभ्यास कराया गया, योग सत्र में जिलेश कुमार, डॉ. रामकृष्ण, डॉ. अनूप कुमार, तुषार शर्मा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**मौसमी बिमारी** चिकित्सक कक्षों के बाहर लगी मरीजों की कतारें, शक होने पर कराई जाएगी आईटीपीसीआर जांच

# जिला अस्पताल में बढ़े खांसी और बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नजला, जुकाम और नमोनिया के मरीजों में कोरोना का शक होने पर आईटीपीसीआर जांच कराई जाएगी। कोरोना की किट मिल चुकी है लेकिन जांच शुरू नहीं कराई गई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी 1200 के पार जा रही है। चिकित्सक मरीजों से गर्मी से आकर एक दम ठंडा पानी पीने को मना कर रहे हैं। मामूली से लापरवाही लोगों को मरीज बना रही है।

जिला अस्पताल में कोरोना के लिए शासन से किट उपलब्ध करा दी गई है लेकिन, अभी आईटीपीसीआर जांच शुरू नहीं कराई गई है। गुरुवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि मरीजों में कोरोना का शक होने पर आईटीपीसीआर जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजीशियन द्वारा मरीजों को देखा गया। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि प्रतिदिन एक हजार से बारह सौ मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिसमें नजला, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या अधिक है। सुबह होते ही जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर मरीजों और उनके तीमारदारों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है। इसके बाद मरीज मर्ज से संबंधित चिकित्सक कक्ष के सामने खड़े हो जाते हैं। दोपहर महिला और पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि लोगों को अपनी सेहत का ख्याल नहीं है। लोग तेज गर्मी से आकर फ्रिज का ठंडा पानी पी लेते हैं। इसके अलावा एसी में बैठे लोग धूप में निकल जाते हैं जबकि, एसी रूम से निकलने से पांच मिनट पहले एसी को बंद कर देना चाहिए इसके बाद लोग कमरे से बाहर निकलें। ऐसा नहीं करने पर लोग नजला, जुकाम और बुखार की चपेट में आ रहे हैं।


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## पत्नी के मायके से न आने पर पति ने की आत्महत्या

**संवाददाता,सैदनगर, अमृत विचारः** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति विनीत (22) ने फांसी लगाकर जान दे दी। चार माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी और नाराजगी के चलते पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव का है। युवक विनीत थाना भोजपुर के हुमायूं पुर गांव निवासी एक युवती से शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दोनों में अनबन रहने लगी। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद के चलते 15 दिन पहले पत्नी मायके चली गई। इस दौरान युवक ने नाराज पत्नी को मनाने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। युवक ने आत्महत्या करने की ठान ली। रात करीब 11 बजे युवक अपने कमरे में पहुंचा। फांसी का फंदा लगाकर छत में लटक गया।

## सार-संक्षेप

### युवाओं के लिए 24 जून को लगेगा रोजगार मेला

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 24 जून को प्रातः 10 बजे से सिविल लाइन शाहबाद गेट स्थित मदीहा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नॉलोजी में किया जायेगा। रोजगार मेले में कई कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते हैं। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। साक्षात्कार के समय अपना एक सीवी, फोटो एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आवश्यक है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग के लिए अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

### कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा


कराटे चैंपियनशिप में जीते मेडल दिखाते बच्चे। अमृत विचार

**रामपुर,अमृत विचार :** 24वें उत्तर भारत वाडोकाई कराटे चैंपियनशिप में महालक्ष्मी मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रतिभागियों ने अन्य के प्रतिभागियों को दिन में तारे दिखा दिए। जिसमें कांता में स्वर्ण पदक दर्श सक्सेना, श्रद्धा, आरव और रजत पदक रथिक ने प्राप्त किया। वहीं कुमिते में गोल्ड मेडल श्रेष्ठ, यथार्थ, अथर्व और सिल्वर मेडल आरव, रथिक, हनुमंत, हरनित, दक्ष और मिशेल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के कोच सेन्साई विनीत कुमार वहां उपस्थित रहे। बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### बाजार से युवक की बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**सैफनी,अमृत विचार :** नगर में बुधवार की शाम साप्ताहिक बाजार करने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। डेरा मोहल्ला निवासी नवेद खां बुधवार शाम करीब शाम के समय अपनी बाइक लेकर बाजार में खरीदारी करने पहुंचे थे। उन्होंने बाइक को बाजार के पास एक स्थान पर खड़ा किया। कुछ देर के लिए सामान लेने चले गए। लेकिन जब वह वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां से गायब मिली। घटना के तुरंत बाद नवेद खां ने अपने परिजनों के साथ मिलकर बाजार क्षेत्र और आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फुटेज खंगाले, ताकि चोर का कोई सुराग मिल सके। बाइक चोरी की सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पौधरोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन


राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर,अमृत विचार :** कांग्रेस नेताओं ने मिलक के धमोरा में पौधरोपण कर धूमधाम से राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन मनाया। कांग्रेस नेताओं ने पीपल, नीम और पाखड़ के पेड़ लगाकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा राहुल गांधी ने देश के लिए ऑक्सीजन जैसे हैं। संसद से लेकर भारत जोड़ो यात्रा तक आपकी यात्रा साहस, करुणा और सत्यनिष्ठा की मिसाल रही है। आपने किसानों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए जो अडिग संघर्ष किया है, वह करोड़ों लोगों की आवाज बन चुका है। नफरत और अन्याय के खिलाफ आपका संकल्प, देश को एकजुट करने की प्रतिबद्धता, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में नया विश्वास जगाती है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ अल्वी ने कहा कि राहुल गांधी देश के लिए एक ऊर्जा है। देश के करोड़ों पिछड़ों, दलितों, शोषित वंचितों और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ी है। वह देश के हर मजलूम के साथ खड़े हैं। जहां जिसके साथ अन्याय होता है राहुल गांधी उसके साथ खड़े हो जाते हैं। उसकी लड़ाई लड़ते हैं। न्याय दिलाते हैं राहुल गांधी ने हमेशा सड़क से संसद तक मजलुमों लोगों की आवाज उठाई है। यही वजह है कि भारत सरकार को मजबूर होकर जातीय जनगणना करानी पड़ी। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, हसीब खां,आसीब खां, दामोदर सिंह गंगवार,जिवेन्द्र गंगवार, रियाज अहमदाबाद, अकरम सुलतान, तसलीम खां, मुन्ने खां और देवकीनंदन गंगवार आदि मौजूद रहे।

### लायंस क्लब एलिट के अध्यक्ष विनोद व सचिव बने शोभित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार :** लायंस क्लब रामपुर एलिट के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सभी समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई और धर्म नहीं है। नई कार्यकारिणी में विनोद कुमार को अध्यक्ष जबकि, शोभित गोयल को सचिव बनाया गया। पटवाई स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने हाऊजी, सिंगिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्ष ने कहा कि यह पारिवारिक सभा इस सत्र की आखिरी सभा है। नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर क्लब को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने में सहयोग करेंगे। सचिव मनीष खुराना ने कहा कि नए सत्र की पीएसटी जो भी कार्य करेगी, उसको पूरा सहयोग दिया जाएगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि नई पीएसटी क्लब और समाजसेवा के कार्यों में बेहतर कार्य करेगी। कोषाध्यक्ष गौरव जैन ने कहा कि अगले सत्र में सारा लेखा-जोखा नए कोषाध्यक्ष को दिया जाएगा। नई कार्यकारिणी के गठन में विनोद कुमार को अध्यक्ष, शोभित गोयल को सचिव और अथर खान को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सभी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुकुल अग्रवाल, शैलेंद्र गोयल, शोभित गोयल, जितेंद्र प्रधान, विनोद कुमार, विनीत कुमार, भीकम सिंह यादव, डॉक्टर सुशील कुमार, राधेश्याम, आदिश गुप्ता, रजनीश कुमार, प्रीति सिंह, अल्पना खुराना, पूजा जैन, श्वेता अग्रवाल, अंजलि गोयल, सोनी अग्रवाल, अर्चना गोयल, रितु सिंह, अर्चना विनोद, नीरू प्रधान, रानी, सुनैना गुप्ता, निधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

### समूह की सदस्यों ने प्रधान के खिलाफ किया प्रदर्शन


स्वार ब्लॉक कार्यालय में बीडीओ को ज्ञापन सौंपने जाती समूह की महिलाएं।

**संवाददाता, स्वार, अमृत विचार :** प्रधान पर सीता समूह की सदस्यों के हलफनामे दूसरी महिलाओं द्वारा देने एवं सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों को न मिलने देने का आरोप लगा समूह की महिलाओं ने प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के गांव भूवरा मुस्तकम निवासी सीता समूह की सदस्य एकत्र होकर गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय पहुंची। जहां समूह की सदस्यों ने प्रधान के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समूह की महिलाओं ने जांच करा कर उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वाली समूह की महिलाओं में कविता रानी, नीरज सैनी, कृष्णा, आशा देवी, कमलेश, कुसुम, किरन, ओमवती, राजो, भूरी शामिल रहीं।

### मिस्टन गंज में जाम लगने से लोग परेशान

**रामपुर,अमृत विचार :** शहर के व्यस्त बाजार मिस्टन गंज में जाम लगने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। स्कूल खुल जाने के बाद दोपहर में यह समस्या विकराल रूप ले लेगी। कई-कई घंटे बच्चे रिक्शाओं में फंसे रहते हैं। शहर के बाजार मिस्टन गंज में सड़क संकरी होने के कारण लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। सुबह हो या शाम लोग जाम के झाम से जूझते रहते हैं। लोगों ने कई बार सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। चाह सोतियान निवासी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र बताते हैं कि मिस्टन गंज में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगना चाहिए। इसके अलावा कार और ई रिक्शा पर भी रोक लगे। कहा कि ई रिक्शा चालक जहां-तहां रिक्शा को रोक कर जाम लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि नालों पर बनी दुकानों के कारण नालों की ठीक तरह से सफाई नहीं हो पाती और सड़क संकरी हो गई है।

## एक नजर

### स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर पंखे चोरी

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव निबौरा में बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर दो पंखे चोर खोल ले गए। गुरुवार को सुबह जब प्रधानाध्यापक अमर सिंह स्कूल पहुंचे तो वारदात की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी।इसी गांव के चौकीदार अशोक के घर के बाहर खड़े ई रिक्शा को 12 जून की चोरी कर लिया गया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने सील किया क्लीनिक

चन्दौसी, अमृत विचार : कस्बा नरौली में झोलाछाप व उसकी पत्नी द्वारा क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल टीम व पुलिस बल के साथ हुंचे। स्वास्थ्य टीम को देख झोलाछाप गायब हो गया।इसके बाद टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। बताया गया कि क्लीनिक में डिलीवरी सेंटर भी चल रहा था। नोडल अधिकारी ने बताया कि झोलाछापों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। ताकि झोलाछाप मरीजों की तथा प्रसुताओं की जिंदगी से खिलवाड़ न कर सके। इस दौरान डॉ. मनोज सिंह व उपनिरीक्षक हाकिम सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# कल्कि धाम से सटी मस्जिद टूटने लगी

## मस्जिद सरकारी जमीन पर होने पर प्रशासन ने दिया था नोटिस, कमेटी तुड़वाने लगी

कार्यालय संवाददाता, संभल



तोड़ा गया मस्जिद की अगली दीवार का हिस्सा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम से सटी सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की तो मस्जिद कमेटी से जुड़े लोगों ने खुद ही मस्जिद तोड़ने का काम शुरू कर दिया है।

गांव ऐंचौड़ा कम्बोह में सैदनगली मनोटा मार्ग के किनारे कल्कि धाम से बेहद नजदीक मस्जिद को लेकर प्रशासन तक शिकायत पहुंची थी कि मस्जिद ग्राम समाज की भूमि पर बनी है। राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम समाज की भूमि को चिह्नित करने का काम शुरू किया। पाया गया कि मस्जिद भी ग्राम समाज की भूमि में आ रही है। राजस्व विभाग ने टीम ने ग्राम समाज की भूमि को लेकर निशानदेही कर दी। इसके बाद ही सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए कार्रवाई शुरू की गई। इस कवायद के तहत धारा 67 के तहत मुकदमा दायर कर नोटिस जारी किया गया । बुलडोजर से ध्वस्तीकरण के हालात देख

● प्रशासन ने बुधवार को धारा 67 के तहत की थी जमीन की निशानदेही

गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निशानदेही के आधार पर मस्जिद के हिस्से को तोड़ने का काम शुरू करा दिया।

नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर ने बताया कि ऐंचौड़ा कम्बोह में धारा 67 के तहत निशानदेही कराई गई थी। बताया गया था कि किस एरिया में ग्राम समाज की भूमि है। लोगों को लगा होगा तो खुद की निर्माण तोड़ने में जुट गए होंगे।




मस्जिद की दीवार पर लिखा गया ब्यौरा। ● अमृत विचार

## सरकारी भूमि पर बने 27 मकान, जारी किया नोटिस

बहजोई,अमृत विचार: सरकारी भूमि पर हुए अवैध निर्माण का मामला अब तहसीलदार न्यायालय पर पहुंच गया है। गाटा संख्या 175 की खलियान की भूमि पर कब्जा कर बनाए गए 27 मकानों को लेकर राजस्व विभाग की ओर से नोटिस जारी किया है।

लेखपाल ने तहसीलदार रवि सोनकर को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत वेद-अगली की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट प्रेषित की। जिस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार ने गांव के 27 लोगों को नोटिस जारी कर न्यायालय में जवाब तलब किया है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने बिना अनुमति के खलियान की भूमि पर निर्माण कार्य किया है। तहसीलदार रवि सोनकर ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर ही नोटिस जारी किए गए हैं। अभी अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित है। जिसे नियमानुसार आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि चंदौसी तहसील प्रशासन ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा मस्जिद का ध्वस्तीकरण



पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को तोड़ते मजदूर। ● अमृत विचार

चन्दौसी, अमृत विचार: लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी जारी रहा।

लक्ष्मणगंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि अवैध रूप से मस्जिद व 34 मकान बना लिए गए। दस्तावेज देखने पर पालिका ने अपनी भूमि खाली कराने के प्रयास तेज कर दिए। रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद व 34 मकानों को खाली कर ध्वस्त करने को नोटिस दिए गए। प्रशासन की सख्ती को देख मस्जिद कमेटी ने स्वयं ही मस्जिद को ध्वस्त करने का निर्णय लिया। बुधवार की सुबह से ही कमेटी ने मजदूर लगाकर मस्जिद को तुड़वाना शुरू कर दिया। दोपहर को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने लक्ष्मण गंज का निरीक्षण किया था। गुरुवार को भी मजदूरों द्वारा मस्जिद को तोड़ने का कार्य किया जा रहा था। फिलहाल मकानों को लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

# फल बाजार व अतिक्रमण हटवाया ,सामान किया जब्त

कार्यालय संवाददाता, संभल



अतिक्रमण करने वालों को हिदायत देते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर पालिका की टीम के साथ संभल-बहजोई मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क से फलों के ठेले हटवाए। कई दुकानों के आगे पड़े स्लैब हटाने के लिए कहा। कैंटीन के सामान को हटवाने के साथ ही बारदाने की दुकान से बोरों को जब्त करा लिया। नगर पालिका की टीम ने जुर्माना भी वसूला।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी ने गुरुवार को दोपहर में बरेली सराय में जनता पेट्रोल पंप के पास से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कराया। सड़क पर लगे फलों के ठेलों को हटवाया। चेतावनी दी कि भविष्य में यहां ठेले लगाए तो कार्रवाई की जाएगी। सामने की तरफ कैंटीन के सामान को हटवाया। दुकानदारों को स्लैब हटाने

● संभल-बहजोई मार्ग पर चला अभियान, दुकान के आगे रखे बोरे किए जब्त

के लिए कहा। भगत सिंह पार्क के सामने बारदाने की दुकान के आगे अतिक्रमण कर रखे गए बोरों को जब्त कर लिया। यहां एक व्यक्ति ने एक जनप्रतिनिधि से फोन पर बात करने को कहा तो सिटी मजिस्ट्रेट ने साफ कहा कि बात कराएंगे तो और कार्रवाई होगी। इसके बाद सड़क पर रखा सामान जब्त कर लिया गया।



अपना सामान खुद समेटते दुकानदार। ● अमृत विचार

# छह महीने में उखड़ने लगी सड़क, भड़के ग्रामीण



करीमपुर घेर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव करीमपुर घेर में पंवासा पुलिस चौकी से मल्लाह मुस्तफाबाद मार्ग पर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता से फोन पर शिकायत की। समस्या का समाधान नहीं होने पर डीएम से शिकायत करने की बात कही। ग्रामीणों का कहना रहा कि निर्माण के छह महीने बाद ही सड़क उखड़ने लगी है। अगर ओवरलोड वाहन चलेंगे तो बुरी स्थिति हो जाएगी। इस दौरान चंद्रपाल सिंह यादव, देवेंद्र यादव, किशनवीर, महावीर यादव, सुरेश सिंह, बट्टू सिंह, घनश्याम सिंह यादव, मोकम यादव, योगेश यादव, रामनिवास, दुर्गेश कुमार, मलखान सिंह यादव, ओमपाल यादव, वीरेश यादव, दुर्गेश यादव, चरन सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



संभल,अमृत विचार :चौधरी सराय में स्थित तरीन कैंपस में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की एवं शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने केक काटा। तौकीर अहमद, मुनीश जोशी, कल्पना सिंह, मरगूब आलम, मुशीर खान तरीन, मनोज चौधरी, सतपाल यादव, डीके वाल्मीकि, अक्षय ठाकुर, दुष्यंत कुमार, मौअज्जम, हसनैन आरिफ, संजय सक्सेना, अंकुर कुमार, नासिर, इंतेखाब संभली, नौशाद अनगढ़, इरफान सबा, कौसर संभली, कामिल, सुबहानी, भूरा, निसार अहमद, शिशुपाल जाटव, जेपी सहगल, कौस्तुभ रस्तोगी, नईम अंसारी, रशीद मसूदी आदि रहे। संचालन फाजिल अंसारी ने किया।

### बनवा लें पासपोर्ट , जुलाई में भरे जायेंगे हज यात्रा के फार्म



तकी अशरफ ।

संभल,अमृत विचार : 2026 में हज यात्रा पर जाना चाहते हैं तो पासपोर्ट बनवा लें। हज यात्रा के लिए जुलाई माह में आनलाइन फार्म उपलब्ध हो जायेंगे। ज़िला हज ट्रेनर तक़ी अशरफ़ एडवोकेट ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के सर्कुलर के अनुसार 2026 में हज यात्रा की इच्छा रखने वालों को समय से अपना पासपोर्ट बनवा लेने के लिए कहा गया है। फार्म जुलाई में ऑनलाइन आ जाएंगे। जिनके पासपोर्ट पहले से बने हैं उनके पासपोर्ट की वैलिडिटी 31 दिसम्बर 2026 होनी चाहिए। आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में फ़ोटो, नाम, जन्मतिथि, पता अपडेट हो ताकि फार्म भरने में परेशानी न आए। फार्म हज ई–सुविधा केन्द्र मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम तेल मण्डी में भरे जाएंगे। जनपद से लगभग 455 लोग 2025 में गए हैं। जुलाई तक सभी लोग आ जाएंगे।

### कलयुग में हरि नाम ही मात्र सहारा: कवित आचार्य



संभल, अमृत विचार : मोहम्मदपुर टांडा गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण प्रवचन के चतुर्थ दिन कथा व्यास कवित आचार्य महाराज ने कहा कि जब पृथ्वी दुष्टों के अत्याचार पापाचार से त्रस्त हो जाती है तो वह गौ का रूप धारण करके भगवान को अपनी व्यथा सुनाती है। कलयुग में हरि नाम केवल एक मात्र सहारा है। भगवान परीक्षा लेते हैं लेकिन परीक्षा में सफलता अवश्य प्राप्त होती है। जितनी कठिन परीक्षा होगी परिणाम उतना ही अच्छा आएगा। कंस ने माता देवकी को बहुत कष्ट दिये, जिससे भगवान का प्रादुर्भाव हुआ। कांग्रेस निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, मुख्य यजमान के रूप में भूराज चौधरी, सुधीश शर्मा, अनिल शर्मा, शिवोम शर्मा ,दीपक चौधरी, दिपांश शर्मा, दीपक शर्मा, हर्षित शर्मा, ललित चौधरी, धीरज शर्मा, सुभाष चौधरी, अनुज चौधरी, सुमित चौधरी, मनोज वर्मा, पंकज शर्मा, विजय चौधरी ,मीनू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना की मांग



बहजोई, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह के नेतृत्व में डीएम राजेंद्र पैंसिया को ज्ञापन सौंपा। कहा कि इस्लामनगर चौराहे पर अतिक्रमण हटने के बाद वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक स्थल के रूप में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाए। इसके बाद नगर पालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू को भी ज्ञापन सौंपा। अजय वीर सिंह, नकुल प्रताप सिंह, सुनील राघव, राजीव सेंगर, मुनेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, विद्युत सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हृदय रोग और रक्तचाप में लाभकारी योगासन कराए



संभल, अमृत विचार : भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति और नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे योग शिविर के पांचवें दिन साधकों को हृदय रोग और उच्च रक्तचाप में लाभकारी योगासन कराए गए। योग शिक्षक कुलदीप ऐरन ने कहा कि हमें अपने कर्मों पर अटेंशन देना चाहिए। रेनू वार्ष्णेय, संतोष रस्तोगी, चित्रा, रेनू, किरन, रेखा त्यागी, प्रेमवती,भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह, महेश भारद्वाज, संजय देवल, कृष्ण ग्रेवाल, सीमा आर्य, महीपाल सिंहलशन मदान, भूरे लाल, सभासद गगन वार्ष्णेय, बीनू अग्रवाल, विकास वर्मा, संजय गुप्ता, वीकेश शर्मा, एडवोकेट ईश्वर चंद्र, अवधेश वार्ष्णेय, देवांश देवल, ऋषभ श्रीवास्तव, सविता गर्ग, पारुल रस्तोगी, मुदिता,गुप्ता, माही आदि रहे।

# सड़क निर्माण से लग रहा जाम, लोग परेशान



सड़क निर्माण के चलते डिवाइडर को काटता मजदूर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कुछ दिन पहले प्रशासन ने कब्रिस्तान से कुछ भूमि कब्जा मुक्त कराई थी। उक्त भूमि पर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा नवनिर्मित सड़क के बराबर बनी पूर्व सड़क पर भी निर्माण कार्य शुरू हो गया।

सड़क के डिवाइडर को तोड़ने व निर्माण सामग्री पड़े होने से जाम जैसे

● कब्रिस्तान से कब्जा मुक्त कराई भूमि पर चल रहा निर्माण

हालात पैदा होने लगे हैं। वाहनों की कतारें लग जाती हैं। परेशान होकर लोगों को भैतरी रेलवे फाटक से होकर बदायूं रोड पर पथरा तिराहा से शहर में आने को मजबूर होना पड़ रहा है। फाटक 36 बी पर ओवरब्रिज का कार्य चल रहा है जिससे वाहनों का आना-जाना भी इसी मार्ग से हो रहा है।

## संभल में बारिश का येलो अलर्ट

बहजोई,अमृत विचार: जनपद संभल सहित अन्य जिलों में तेज बारिश और वज्रपात को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डा. अच्युत यादव ने बताया कि आगामी 24 घंटों के भीतर संभल, रामपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, बदायूं, अलीगढ़ और बुलंदशहर में तेज गर्जना के साथ मेघाच्छन्न वातावरण बने रहने और बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने नागरिकों को खुले मैदान, पेड़ के नीचे या विद्युत खंभों के पास न खड़े होने की सलाह दी है। किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को खेतों में कार्य करते समय सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। मौसम का यह मिजाज पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते बन रहा है। जिससे तापमान में गिरावट और उमस में भी कुछ राहत मिलेगी। आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट पर रखा गया है जिला प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# दुकानों के आगे रखें डस्टबिन, वरना जुर्माना

संवाददाता,बहजोई

● बाजारों में न की जाए दो पहिया वाहनों की चेकिंग: एसपी

● डीएम-एसपी को बताईं व्यापारियों ने अपनी समस्याएं

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट पर उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक में डीएम व सपा के सामने व्यापारियों ने विद्युत विभाग की समस्याओं को रखा। बाजारों में दो पहिया वाहनों की चेकिंग नहीं किये जाने का एसपी ने आश्वासन दिया। डीएम ने कहा कि दुकानदार दुकान के बाहर डस्टबिन रखें। जिसके पास नहीं होंगे उससे जुर्माना वसूला जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के सामने व्यापारियों ने विद्युत विभाग की समस्याओं को उठाया। डीएम ने विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि दो पहिया वाहनों की चेकिंग बाजारों में नहीं की जाए। ओवरलोड वाहन पर कार्रवाई की जाए। ई रिक्शा नगर पालिका के बाहर हाईवे पर मिलते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। चंदौसी नगर पालिका में वैडिंग जोन के लिए एसडीएम तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को भूमि चिन्हित करने के लिए कहा। डीएम ने कहा कि शहर में दुकानों के आगे डस्टबिन नहीं मिलने पर 1000 का जुर्माना किया जाए। चेकिंग के दौरान प्लास्टिक एवं पॉलीथिन मिलती है तो उसे जब्त कर अर्थ दंड लगाया जाए। एडीएम प्रदीप वर्मा, यातायात सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, उपयुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह, कमल कौशल वार्ष्णेय, ताहिर सलामी, शाह अलम मंसूरी, संजय सांख्यधर,अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



बहजोई में व्यापारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# मंदिर सौंदर्यीकरण कराने पहुंचे ईओ , विरोध

संवाददाता,बहजोई



नगर पालिका ईओ के सामने निर्माण का विरोध करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: श्री भगवंतपुर देवी मंदिर सौंदर्यीकरण के मुख्यमंत्री बंधन योजना के तहत स्वीकृत कार्य को प्रारंभ कराने पहुंचे पालिका के अधिशासी अधिकारी व ठेकेदार को ट्रस्ट के पदाधिकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। ट्रस्ट के पदाधिकारी मेले की भूमि पर निर्माण कार्य कराए जाने की बात कहकर विरोध कर रहे हैं। पदाधिकारियों को एडीएम के यहां बुलाया गया। लेकिन कोई हल नहीं निकला।

श्री भगवंतपुर देवी मंदिर परिसर व आसपास मुख्यमंत्री बंधन योजना के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य 8 महीने पहले स्वीकृत हुआ था। सत्संग भवन बनाने की कार्रवाई चल रही थी। श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियो ने विरोध

● श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से हुई नोकझोंक

● 8 महीने से स्वीकृत है मुख्यमंत्री वंदन योजना के तहत कार्य

किया तभी निर्माण कार्य बंद हो गया था। कई बार नगर पालिका ने कार्य शुरु कराने की कोशिश की। बृहस्पतिवार को अधिशासी अधिकारी अभिषेक तिवारी व ठेकेदार आरआरएफ, पुलिस बल लेकर पहुंचे। ट्रस्ट के पदाधिकारी विरोध करने लगे। पदाधिकारियों का कहना था कि नगर पालिका मेले की भूमि पर निर्माण कार्य करा रही है। मंदिर में ही निर्माण करना चाहिए।

अधिशासी अधिकारी ने योजना के तहत कार्य कराए जाने की बात कही तो ट्रस्ट के लोग भड़क गए। ठेकेदार से उनकी जमकर नोकझोंक हुई। एडीएम के यहां वार्ता हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला।

## काउंसलिंग शिविर में विद्यार्थियों ने जाने सफलता के सूत्र

बहजोई,अमृत विचार: बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में एक सात दिवसीय निःशुल्क करियर काउंसलिंग शिविर के करियर मार्गदर्शन सत्र में गोल्ड मेडलिस्ट करियर कोच राजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को करियर की सही दिशा, लक्ष्य निर्धारण, विषय चयन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

छात्रों ने अपने करियर से जुड़ी शंकाओं को खुलकर साझा किया। संयोजक सम्भव जैन ने बताया कि आज के दौर में छात्रों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है ताकि वे अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय ले सकें। इस दौरान एकांश गुप्ता, कुश नंदन, देवेंद्र यादव, अखिलेश कुमार, अमित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व टीम ने शत्रु संपत्ति को कराया कब्जा मुक्त



भूमि को कब्जा मुक्त करातीं तहसीलदार ललिता सिंह व मौजूद पुलिस।

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कस्बा नरौली में तहसील प्रशासन ने शत्रु संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया।

नरौली के मोहल्ला तेलीवाला निवासी इंद्राज अली पुत्र याद अली ने पिछले दिनों तहसील में शिकायती पत्र दिया कि अलावलपुर मार्ग पर नसरुद्दीन पुत्र जुम्मा की साढ़े छह बीघा भूमि थी। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय नसरुद्दीन परिवार के साथ पाकिस्तान चले गए। उक्त भूमि पर अल्लाबक्श ने कब्जा कर लिया और खेती करने लगे। शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन एसडीएम निधि पटेल ने मई माह में उक्त भूमि को शत्रु संपत्ति घोषित कर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। गुरुवार की राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार ललिता सिंह, कानूनगो सउद हसन, लेखपाल नितिन शर्मा, गोपाल सिंह पुलिस व पीएसी के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां जेसीबी से मुक्त शत्रु संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

जी–7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। टूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद टूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद टूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है , वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाइड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।


अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष , यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## सर्राफ की दुकान से बुर्काधारी महिलाएं चार चूड़ियां ले गईं

**गजरौला, अमृत विचार :** गहने देखने के बहाने बुर्काधारी महिलाएं करीब तीन लाख रुपये कीमत की सोने की चूड़ियां लेकर चंपत हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के महाजन बस्ती निवासी सचिन अग्रवाल की पुराने रामलीला मैदान के पास सराफा की दुकान है। सचिन का कहना है कि वह मंगलवार शाम करीब चार बजे अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बुर्का धारी दो महिलाएं आईं और सोने की चेन दिखाने के लिए कहा था। दोनों ने चेन देखकर वापस कर दी थी। इसके बाद उन्होंने सोने की चूड़ियां दिखाने को कहा था। इस दौरान सचिन अन्य ग्राहक से बात करने लगे थे। मौका पाकर महिलाएं सोने की तीन तोला वजन की चार चूड़ियां लेकर चंपत हो गईं। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं लगा था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बजरंग दल ने थाने पर किया हंगामा, पुलिस से नोकझोंक

## दलित समाज की भी रिपोर्ट दर्ज करने की मांग, किया प्रदर्शन

दौलतपुर कांड

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



पुलिस से नोंकझोंक करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव दौलतपुर कांड में दलित समाज के लोगों पर मुकदमे दर्ज होने के बाद बजरंग दल उनके पक्ष में आ गया। जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर सहित बजरंग दल ने दलित समाज की तरफ से भी मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर थाने पर हंगामा काटा। पुलिस से नोकझोंक के बाद कार्यकर्ता थाने पर ही धरने पर बैठ गए।

थाना नौगावां सादात क्षेत्र के दौलतपुर में बाइक और कार की टक्कर के बाद विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। अग्निकांड, तोड़फोड़ मारपीट के मामले में अनुसूचित जाति के 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर

● **कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

आरोप लगाए हैं। मुस्लिम समुदाय ने दलित समाज पर मारपीट का आरोप लगाया। गुरुवार को बजरंग दल के जिलाध्यक्ष कुशल चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता थाने पहुंचे। इसके बाद जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर भी पहुंच गए। पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। कहा कि दलित समाज को डराया जा रहा है। बजरंग दल ने दलित समाज की ओर से भी मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## बीच बचाव करने आए युवक को चाकू मार किया घायल

संवाददाता, हसनपुर

● **गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया**

**अमृत विचार :** लड़ाई का बीच बचाव करना युवक को भारी पड़ गया। दबंग ने युवक को चाकू मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। भाई को बचाने आई बहन की भी धुनाई कर दी। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां युवक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया।

थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर निवासी मोहसिन पुत्र फरीद गुरुवार को कांशीराम कॉलोनी में रहने वाली अपनी बहन शाजिया पत्नी नदीम पर घर आया था। वहां पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो रहा था। मोहसिन ने बीच बचाव करना चाहा तो आरोपी युवक ने उसके चाकू मार दिया जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। यह देखकर उसे बचाने के लिए आई बहन शाजिया को भी दबंग ने लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायल थाना सैदनगली पहुंच गये। पुलिस ने उन्हें मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। हालत नाजुक होने पर मोहसीन को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया मारपीट में दो घायल हुए हैं तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



सीएचसी में घायल का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

## साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत



कार्यक्रम आरंभ करते एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा। ● अमृत विचार

**गजरौला, अमृत विचार:** अमरोहा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और साइबर-सिक्योरिटी क्षेत्र में तकनीकि दक्षता विकसित करने हेतु साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, रमित शर्मा ने किया। इंटर्नशिप कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए 450 लोगों ने भाग लिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से सक्षम नागरिकों को तैयार करना है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम अमरोहा को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगा। सीओ अंजली कटारिया के अलावा अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## मजदूर को बाइक सवार ने टक्कर मार घायल किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैदनगली थाना इलाके में आम के बाग की रखवाली कर घर लौट रहे मजदूर को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना सैद नगली के गांव इकौदा निवासी ताहिर पुत्र साबिर आम के बाग में मजदूरी का कार्य करता है। बुधवार की देर रात वह खाना खाने के लिए पैदल घर जा रहा था। इस दौरान एनटी डिग्री कॉलेज के नजदीक बाइक ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

# बाइक की चपेट में आकर युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बाइक की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा तहेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक इंतजार।

बृहस्पतिवार को आदमपुर निवासी इंतजार पुत्र मुख्तियार अपने तहेरे भाई हासिम पुत्र सईद के साथ हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से गमी में शामिल होकर विक्की से घर लौट रहे थे। आदमपुर ढवारसी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे सामने से तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर और बुरी तरह घायल हो गए। बाइक सवार मौके से अपनी बाइक लेकर फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इंतजार को मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गये। हाशिम की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रोशन समेत चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी है।



परिजनों से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



राहुल गांधी के जन्मदिन पर शरबत पिलाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



राहुल गांधी की फोटो को केक खिलाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **किसान मजदूर नौजवान की सशक्त आवाज हैं राहुल गांधी: ओमकार कटारिया**

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया। अस्पतालों में फल वितरण के बाद शरबत वितरण किया।

गुरुवार को कांग्रेस के जिला कार्यालय पर राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया गया। अमरोहा शहर में नौगांवा रोड पर चौधरी सुखराज सिंह, फ़ैज़ आलम रायनी द्वारा लोगों को शरबत पिलाया गया। मेराज जफर द्वारा कैलसा रोड पर, राजकुमार अरुण द्वारा जोया ब्लॉक के पायती कला में, इमरान प्रधान द्वारा जोया नगर में नगर अध्यक्ष मोहसिन द्वारा धनौरा में मानव त्यागी, गंगेश्वरी ब्लॉक में नरेश त्यागी, नरेश गोयल द्वारा, सैद नंगली में राजपाल सैनी, मनोज, अफसर सैफ़ी ने शरबत वितरण किया।

जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा राहुल गांधी किसान मजदूर नौजवान की सशक्त आवाज हैं। हाजी खुर्शीद अनवर, मोहम्मद शाहिद, मयंक कुमार गुर्जर,मंगल सिंह गुर्जर, मेराजुल जफर अली, इमाम रिजवी, ,मोहसिन अली, जीशान अली, डॉक्टर अहमद मुर्तजा, हरस्वरूप प्रधान, मनोज कटारिया, अकबर हुसैन, तारिक मोहम्मद खान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कांशीराम कालोनी में दंबगई के बल पर रह रहे लोग

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्र सेवी संगठन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर काशीराम कॉलोनी में दबंगई करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

गुरुवार को राष्ट्र सेवी संगठन ने सीओ को ज्ञापन देते हुए कहा कि कांशीराम कॉलोनी में कई लोग अवैध रूप से दबंगई के बल पर रह रहे हैं। वे अपराधी प्रवृत्ति के हैं तथा क्राइम को अंजाम देते हैं। जिन लोगों के नाम मकान आवंटित है उन्होंने उनको पीट कर यहां से भगा दिया है और सामाजिक तत्वो के उत्पीड़न से परेशान होकर पिछले दिनों कुछ लोगों ने पलायन करने की चेतावनी भी दी थी। उन्होंने कहा कि काशीराम कॉलोनी का ऑडिट कराकार उन लोगों को कॉलोनी में न रहने दिया जाये जिनके नाम पर मकान आवंटित नहीं है। आपराधिक लोगों को तत्काल यहां से बाहर किया जाये। ज्ञापन देने वालों में संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, महिपाल सिंह, हरीराज सिंह, मोनू अग्रवाल, धर्मपाल सिंह चौहान, जगबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह गुर्जर, यशवीर सिंह मौजूद रहे।



पुलिस क्षेत्राधिकार को ज्ञापन सौंपते राष्ट्र सेवी संगठन के सदस्य।

## नकब लगाकर नगदी सहित हजारों का माल चोरी

**हसनपुर,अमृत विचार :** चोरों ने घर में नकब लगाकर 10 हजार की नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण समेत हजारों का माल चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी मोहम्मद पुत्र सुबराती बीती रात परिवार के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। चोरों ने इसका फायदा उठाकर घर के पिछले हिस्से में नकब लगाकर चोरों ने बिना आहट किये हुए घर के अन्दर घुसकर बच्चों की गुल्लक में रखी 10 हजार की नगदी, जेवर, पीतल के बर्तन चोरी कर लिया। पीड़ित का कहना है चोर उसके घर से 30 हजार से अधिक का माल चोरी करके ले गये हैं। पीड़ित के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

दौलतपुर बवाल

**पुलिस ने 19 आरोपियों पर किया मुकदमा दर्ज, छह को गिरफ्तार किया, गांव में पुलिस तैनात**

# नहीं बना खाना, दहशत में गुजरी पीड़ित परिवार की रात

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दौलतपुर में हुए अग्निकांड व हिंसा के मामले में पीड़ित परिवार की रात दहशत में गुजरी। घर में खाना नहीं बना। गुरुवार को सारा दिन गांव के लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। वहीं पुलिस ने 19 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जबकि 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरक्षा के लिहाज से घर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव दौलतपुर में बुधवार की शाम को अचानक माहौल बिगड़ गया। मुस्लिम समुदाय के घरों पर हमला किया, आग लगाई और मारपीट की। दरअसल गांव दौलतपुर निवासी इब्ने हसन ने अपनी बेटी की शादी डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जावेद के साथ की थी। बुधवार को जावेद अपनी पत्नी शबाना को लेने के लिए ससुराल आ रहा था। तभी गांव के पास ही बबलू सिंह दोस्त के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। बाइक से कार टकरा गई। इसके बाद दोनों बाइक सवारों ने जावेद के साथ मारपीट की। कार क्षतिग्रस्त कर दी। कुछ देर बाद बड़ी संख्या में लोग इब्ने हसन के घर पहुंचे और परिवार को दौड़ा कर पीटा। आग लगा दी, तोड़फोड़ की।



घर में बैठीं पीड़ित परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार



घर के बाहर बैठा पुलिसकर्मी।

इस घटना से परिवार के लोगों में दहशत है, खाना तक नहीं बना। इब्ने हसन के बेटे का कहना है कि कहीं भी आना जाना नहीं हो रहा है। सुरक्षा के लिहाज से घर के बाहर पुलिस तैनात है। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जबकि 6 आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### इन लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज

महेंद्र, अमन, कविंदर, जोगिंदर वीरेंद्र, नन्हे, खिद्दु, नौबहार, अक्षय, विक्की, महिलाल, शिवम, राजू, अजय पाल, हाजिराम, मीकू, वीर सिंह राजेंद्र व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़कर पुलिस को सौंपी



**हसनपुर, अमृत विचार :** मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली को राजस्व टीम ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। गुरुवार को तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव के निर्देशों पर राजस्व निरीक्षक ओमकार सिंह, रतिराम सिंह एवं अरविंद कुमार ने गांव नंगलिया मुंशी के नजदीक अवैध रूप से मिट्टी खनन भरकर ला रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। साथ ही मामले में तहरीर देकर ट्रैक्टर को सीज करने और संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण




**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर के झम्मन लाल पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग जिसके अंतर्गत पौधारोपण किया और जनता को पौधारोपण करने के लिए जागरूक भी किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शमा परवीन ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए पेड़ पौधे बहुत आवश्यक है,जिनसे हमें शुद्ध वायु मिलती है। प्रात : काल प्राकृतिक हरे भरे स्थलों पर जाकर योगासन करने से स्वास्थ्य उत्तम रहता है। इस मौके पर बबिता त्यागी स्वयं सेवी कृष्णा, जितेंद्र ,तुषार, प्रिया, महेंद्री,अनीता, गीता आदि उपस्थित रहे।

सार संक्षेप : दो सौ साल पुरानी लीलगुधहैये मजार का पुनर्निर्माण

### मजार के पुनर्निर्माण को किया भूमि पूजन



**हसनपुर, अमृत विचार :** पीठखेड़ा गांव के मुख्य मार्ग पर गांव चकोरी निवासी किसान करन सिंह के खेतमें बनी लीलगुधहैये ( पीर बाबा ) की क़रीब दो सौ साल पुरानी मजार में श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके पुनर्निर्माण के लिए गुरुवार को कमेटी द्वारा नींव रखी गई। बताते चलें की इनके दरबार में मजहब की कैद,न जाति का कोई बंधन है। विभिन्न धर्मो के लोग दूर दराज से आकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करने के लिए यहां अपना मत्था टेकते हैं और चादर चढ़ाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। क्षेत्र के लोग कोई भी शुभ कार्य करने से पहले यहां आकर अपना मत्था टेकना नहीं भूलते। अशोक ठेकेदार, शानू, अमित चौधरी, जयवीर फ़ौजी, मुख्तियार सिंह, जयपाल सिंह, नारायण सिंह, प्रिंस आदि भी मौजूद रहे।

### सुखदेवी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के चुनाव की मांग की

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 के सभासद यशपाल सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर कहा कि श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का कार्यकाल लगभग 3 साल पहले समाप्त हो चुका है। चुनाव न होने के कारण संस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अंतिम संपन्न हुए चुनाव की मतदाता सूची आजीवन सदस्यों की सूची से प्रबंध समिति का चुनाव कराया जाये। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की मतदाता सूची से करीब 600 से अधिक लोगों के नाम गायब है। पूर्व जिला पंचायत की अध्यक्ष कई पूर्व विधायक, पालिकाध्यक्ष, पूर्व पालिकाध्यक्ष, सभासदों सहित राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों के नाम गायब हैं।

### पुरानी रंजिश के चलते दंपती पर हमला

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी सत्येंद्र अपनी पत्नी देवेंद्री के साथ बुधवार की शाम को अपनी ससुराल जयतौली से वापिस अपने घर को बाइक से आ रहा था। उसकी बाइक रहरा थाना क्षेत्र के गांव शकरगडी के निकट बगद नदी के पास पहुंची तो पड़ोसी गांव निवासी एक युवक ने अपने साथी के साथ लाठी से हमला कर दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक गिरने से देवेंद्री गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घायल देवेंद्र को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल के ससुर कैलाश द्वारा रहरा थाने में पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी द्वारा बताया गया है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### राहुल के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**उझारी अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ता ने राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा। वृक्षारोपण किया तथा शरबत बांटा।नगर के मोहल्ला सादात में शाकिर मसूदी के निवास पर राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन के अवसर पर कार्यवाहक नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन सैफी ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। उसके बाद वृक्षारोपण करके उनकी लंबी उम्र की दुआएं कीं। महबूब चौधरी, बब्बन हुसैन, नदीम रियासत, फरमान मलिक, प्रिंस कुमार, शाने आलम रही, अज़ीम पाशा, दिलशाद चौधरी, डॉ0 गुफरान, मौ0 हारुन, फहीम मसूदी, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### देवर व देवरानी पर मारपीट का आरोप

**डिडौली, अमृत विचार :** शौचालय जा रही भाभी को रोककर देवर ने मारपीट की। घटना डिडौली कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के गाव इकोन्दा निवासी शबनम पत्नी अली अहमद सुबह शौचालय जा रही थी। तभी शबनम के देवर अली शेर ने शौचालय जाने से रोक दिया और गाली गलौच करने लगा। अली शेर की पत्नी शाहीन आ गयी और दोनों ने मिलकर शबनम व उसकी नाबालिक बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी आ पहुंचे ओर दोनों से शबनम को छुड़बाया। शबनम ने अपने देवर अली शेर व देवरानी शाहीन के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी।

### रझौहा में करंट लगने से फोटोग्राफर की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रझौहा में गुरुवार सुबह 28 वर्षीय फोटोग्राफर संजय पुत्र हरपाल की करंट लगने से मौत हो गई। संजय गुरुवार सुबह अपने गांव में फोटो स्टूडियो की दुकान खोलने गया था। उसने दुकान का दरवाज़ा खोला, वह दरवाज़े में उतरे करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी और एक आठ माह के मासूम बेटे को छोड़ गया है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तमंचा व दो कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया

गजरौला,अमृत विचार : चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। बुधवार की रात कुमराला चौकी इंचार्ज सतवीर बालियान अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया चेकिंग के दौरान बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर माफी निवासी बब्लू पुत्र नन्हे व मिंटू कुमार पुत्र सतवीर सिंह को अवैध तमंचा व दो कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### कूमल लगाकर नकदी सहित हजारों का माल साफ

बुरावली,अमृत विचार : पतेई खादर निवासी मोहम्मद पुत्र सुबराति का घर बाहरी छोर पर स्थित है। मोहम्मद अपने परिवार के साथ बाहर आंगन में सो रहा था गुरुवार की मध्य रात्रि चोरों ने कूमल लगाकर घर को निशाना बनाकर सोने व चांदी के जेवरात पैंडल, हसली, कुंडल,सोने की लोंग ,पीतल के बर्तन और दस हजार की नकदी सहित हजारों का माल साफ कर दिया।

### रोडवेज बस को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**गजरौला अमृत विचार :** मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा के प्रयास से अमरोहा डिपो से वाया गजरौला होते हुए नोएडा तक सीधी बस सेवा प्रारंभ हो गई है। विधायक ने गुरूवार को चौपला स्थित रोडवेज बस अड्डे से इस बस को झंडी दिखाकर व नारियल फोड़कर रवाना किया।

## एक नजर

### ग्रामीण का शव नाले में पड़ा मिला

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक व्यक्ति का शव गुरुवार की सुबह दस बजे नवीन मंडी समिति गेट के पास नाले में पड़ा मिला। मृतक की पहचान 56 वर्षीय इरशाद उर्फ बबली हाल धिसटपुर नजीबाबाद निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एसपी से लगाई पत्नी की बरामदगी की गुहार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। कहा कि 30 मई की सुबह मोहल्ले का एक युवक दो महिलाओं की मदद से उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले गया। उसकी पत्नी पुत्र को भी साथ ले गई। पुलिस को तहरीर दी लेकिन दोनों को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित ने एसपी से पत्नी व पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# हनुमानगढ़ी में सड़क बनने लगी तो दब गए मकान

## लोगों को एक समस्या से मिली निजात तो दूसरी समस्या ने खड़ी की मुसीबत, सैकड़ों मकान कई फिट दबे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** हनुमानगढ़ी में सड़क निर्माण के बाद जलभराव की समस्या खत्म हो गई लेकिन अधिकांश मकान दब गए हैं। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हनुमानगढ़ी में पिछले कई वर्षों से जलभराव की समस्या थी। बस्ती का अगला हिस्सा ऊंचा होने से पीछे वाली बस्ती में पानी भर जाता था जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। लोगों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से गुहार लगाई। धरना प्रदर्शन तक किए। इसके बाद इस हिस्से में सड़क निर्माण हो रहा है। कुछ गलियों में सड़क डाली जा चुकी है। सड़क बनने से लोगों को जलभराव की


हनुमान गढ़ी में सड़क निर्माण के बाद दबे मकान। ● अमृत विचार

समस्या से तो निजता मिल गई लेकिन दूसरी बड़ी समस्या खड़ी हो गई। मकान काफी नीचे हो गए। कुछ घर तो करीब 5 फीट तक नीचे हो गए। लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। आर्थिक रूप से संपन्न लोग मकानों को ऊंचा करवा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोग बेहद परेशान हैं। बस्ती में दबे मकानों संख्या की 500 से अधिक बताई जा रही है। सभासद सचिन्द्र यादव ने कहा हनुमान गढी निवासियों द्वारा कई वर्षो से जलभराव की समस्या की शिकायत की जा रही थी। जेई द्वारा पैमाइश व निशान लगाए गए थे। बस्ती में जलभराव न हो, इसी को लेकर लेबल के आधार पर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। बस्ती के अधिकांश मकान नीचे होने के कारण दब गए हैं।


5 वर्ष पहले मकान बनवाया था। सड़क निर्माण होने से मकान 5 फुट नीचा हो गया जिससे काफी दिक्कत आ रही है। अब मकान कैसे ठीक कराएं यही सोच रहे हैं, क्योंकि आर्थिक स्थिति सही नहीं है।
–हरवीर सिंह


1 वर्ष पहले प्रधानमंत्री योजना के तहत मकान का निर्माण कराया था। अब सड़क निर्माण के चलते मकान पांच फीट नीचे हो गया। अब मजबूरी में कर्जा लेकर मकान ठीक कराना पड़ेगा।
–गजेंद्र सिंह


प्रधानमंत्री योजना के तहत 1 वर्ष पहले मकान निर्माण कराया था। सड़क निर्माण होने से मकान नीचे हो गया है। घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। कर्ज लेकर मकान ऊंचा कराना होगा।
–रेशमा देवी


सड़क निर्माण से मकान दब गया है। मैं व मेरे पति काफी बुजुर्ग हैं जिससे बाहर निकलने में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर मकान को दुरुस्त नहीं करा पा रहे हैं।
–मालती देवी

# एलएलएम की परीक्षा तिथि बदलने पर छात्र हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के बार-बार विधि परीक्षाओं के कार्यक्रम बदलने से छात्र परेशान हैं।

गुरुवार को विश्वविद्यालय में एलएलएम मानवाधिकार द्वितीय सेमेस्टर के छह छात्र परीक्षा देने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि आज परीक्षा नहीं है। छात्रों का कहना था कि कार्यक्रम के अनुसार आपराधिक न्याय प्रणाली और मानवाधिकार विषय की परीक्षा है। उनकी स्टाफ से बहस होने लगी। छात्रों को समझाया गया कि समान कोड के दो पेपर होने की वजह से 14 जून को ही कार्यक्रम में संशोधन किया गया था। अब परीक्षा 21 जून को है, तब जाकर छात्र शांत हुए। विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बताया कि 14 जून को संशोधित कार्यक्रम जारी करने के साथ ही सभी छात्रों को इसकी सूचना दी गई थी। छात्रों को संशोधित प्रवेश पत्र भी डाउनलोड करने को कहा गया था। जिन छात्रों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीएचसी में खामियों पर एडी हेल्थ ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए मरीज लाते हैं सीरिंज

**अमृत विचार:** एडी हेल्थ ने सीएचसी में सुविधाओं का निरीक्षण किया। कई कमियां मिलने पर नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए। नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण भी किया।

गुरुवार की सुबह 9.30 बजे मुरादाबाद से एडी हेल्थ रीतू कटियार सीएचसी पहुंचीं। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह के ट्रेनिंग पर जाने के कारण वह नहीं थे। एडी हेल्थ ने सबसे पहले इमरजेंसी का निरीक्षण किया। वहां गंभीर मरीजों के उपचार


सीएचसी की लैब में जानकारी करतीं एडी हेल्थ रीतू कटियार। ● अमृत विचार

व सुविधा की जानकारी ली। एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे मरीजों से पता चला कि मरीज सीरिंज लेकर आते हैं, इस पर नाराजगी जताई।चिकित्सकों ने कहा कि सीरिंज खत्म हो गई है। एटीएम हेल्थ पर जानकारी करने के बाद वह लैब में पहुंची। लैब टेक्नीशियन से डस्टविन में लगने वाली रंगीन पन्नियों की जानकारी की। वह कोई जवाब नहीं दे सके और रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं करा सके। र एडी हेल्थ ने नाराजगी जताई और कार्य में सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने महिला चिकित्सालय, नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों से जानकारी की। एडी हेल्थ ने मरीजों से सीएचसी में मिलने वाले उपचार व अन्य सुविधाओं की जानकारी की।

# खेत में तालाब खुदवाने को मिलेगा अनुदान

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** जल संरक्षण के लिए सरकार ने किसानों को खेत में तालाब खुदवाने के लिए प्रत्साहित करने के लिए योजना शुरू की है।

कृषि विभाग के भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में खेत तालाब योजना के तहत जनपद को 33 लघु तालाब निर्माण और 21 तालाबों पर सूक्ष्म प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। सामान्य वर्ग के लिए 29 अनुसूचित जाति के लिए चार तालाब का लक्ष्य है जबकि सूक्ष्म प्रणाली के 19 लक्ष्य सामान्य और दो अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित हैं। उन्हीं लाभार्थियों को सूक्ष्म प्रणाली की सुविधा दी जाएगी जिन्होंने पूर्व में उद्यान विभाग के माध्यम से स्प्रिंकलर प्रणाली स्थापित कराई हो। लघु तालाब का मानक आकार 22 मीटर लंबाई 20 मीटर चौड़ाई और तीन मीटर गहराई का होगा। जिसकी कुल लागत एक लाख पांच हजार रुपये निर्धारित है।


खेत तालाब योजना के तहत खुदवाया गया तालाब। ● अमृत विचार

- किसान सभी दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

### 50 प्रतिशत खर्च देगी सरकार

50 प्रतिशत यानी 52 हजार पांच सौ रुपये की राशि अनुदान के रूप में दो किस्तों में डीबीटी के माध्यम से सीधे किसान के खाते में भेजी जाएगी। शेष 50 प्रतिशत लागत किसान को स्वयं वहन करनी होगी। तालाब का निर्माण किसान द्वारा स्वयं की भूमि पर मशीन से किया जाएगा जिसमें तकनीकी पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी भूमि संरक्षण अनुभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की होगी।

# चालक की तबीयत बिगड़ी, सहायक ने सुरक्षित पहुंचाई ट्रेन

**बिजनौर,अमृत विचार:** रात के सन्नाटे में ट्रेन चालक की तबीयत बिगड़ गई। सहायक ने सूझबूझ का परिचय देकर ट्रेन सुरक्षित पहुंचाकर यात्रियों की जान बचा ली।

आनंद विहार से कोटद्वार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के चालक बाबूराम को नजीबाबाद के पास स्नेह रोड स्टेशन के निकट अचानक चक्कर आने लगे और वह नियंत्रण में नहीं रह सके। अचानक सामने आई परिस्थिति में सहायक चालक ने ट्रेन संभाली और यात्रियों को सुरक्षित कोटद्वार स्टेशन तक पहुंचाया।इस पूरे घटनाक्रम का असर अन्य ट्रेनों पर भी पड़ा। पैसेंजर ट्रेनें देरी से चलीं, जिससे सुबह यात्रा करने वाले यात्रियों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

# अनियंत्रित होकर बस पेड़ से टकराई, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

**अमृत विचार:** रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से चालक की मौत हो गई जबकि कई सवारी घायल हो गईं।

नूरपुर के मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम सैदपुर माफी के पास बुधवार देर रात करीब ढाई बजे बरेली से मुजफ्फरनगर जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बताया गया कि चालक को नींद की झपकी आने से हादसा हो गया। बस चला रहे 35 वर्षीय अनुज कुमार निवासी शाह रूपपुर मेरठ व परिचालक 35 वर्षीय सन्दीप कुमार निवासी हापुड़ के साथ सवारियां घायल हो गए। भारी निरीक्षक



जयभगवान सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। चालक अनुज और एक सवार सादमा निवासी मुजफ्फरनगर की गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान चालक की मौत होगई। पीलीभीत की सीता उसका पति विजयपाल, पूरनपुर का असलम के अलावा लखीमपुर का इम्तियाज अली भी घायल हैं।

## सार-संक्षेप

### वाहन बचाने में शराब से लदा ट्रक खाई में पलटा



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में शराब से भरा ट्रक वाहन को बचाते समय खाई में पलट गया। चालक ने कूद कर जान बचाई। गुरुवार की सुबह डीएसएम शुगर मिल धामपुर से शराब लेकर ट्रक बिसौली गोदाम पर जा रहा था। सुबह 5 बजे थाना क्षेत्र के बिलारी-आसफपुर मार्ग पर बरी चौराहा व कुढ़फतेहगढ़ के बीच मोड़ पर मैक्स को बचाते समय ट्रक कापहिया फिसल गया और ट्रक खाई में जाकर पलट गया। चालक नेपाल सिंह निवासी ऊमरी धामपुर ट्रक से कूद गया। बिसौली-आसफपुर मार्ग पर बिचेटा चौराहा से लेकर कुढ़फतेहगढ़-बरी चौराहा से डारनी तक सड़क कम चौड़ी है। सड़क के दोनों ओर दलदल बने गड्ढे होने से हादसे अधिक होते हैं। 26 अप्रैल 2024 बरी चौराहा के पास कैंटर व टाटा मैजिक की भिड़ंत में मैजिक चालक बलराम निवासी बेरनी की मौत हुई थी। 31 मई 2024 को पोल से भरा ट्रक पलटने से ट्रक व बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए थे। 26 अगस्त 2024 डारनी के निकट बाइक सवार बृजेश मौर्य, सत्यवीर, वीर सिंह निवासी डारनी को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी थी।

### व्यापारी को ऊपरी मंजिल पर भेजा, नीचे गल्ला किया साफ

**बिजनौर,अमृत विचार :** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के काजीपाड़ा में एक दुकान पर गुरुवार दोपहर दो युवक पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से कुछ सामान मांगा और किसी बहाने से उसे ऊपर मंजिल पर भेज दिया। नीचे एक युवक ने गल्ले को पेचकस से तोड़ा और उसमें रखी नकदी निकाल ली। दुकानदार को कुछ संदेह हुआ, वह नीचे लौटा तो एक युवक को भागते देखा। दुकानदार ने तुरंत बाइक से पीछा किया और उसे दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरा युवक फरार हो गया। करीब पांच महीने पूर्व इसी दुकान से 40,000 की चोरी हो चुकी है, जिसमें चोर अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### जर्जर सरकारी भवनों की मरम्मत की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई व्यापार बंधुओं की बैठक में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि सुभाष रोड स्थित मुख्य डाकघर का भवन, घंटाघर व पाटिया बाजार स्थित डाकघर का भवन, रामस्वरूप रोड स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति का भवन, स्टेशन रोड स्थित जीएसटी कार्यालय का भवन, सुंदर मोहल्ला स्थित श्रम विभाग कार्यालय का भवन काफी जर्जर अवस्था में है। जिनका संज्ञान लेकर संभव सुधार कराने की आवश्यकता है। इस दौरान देवेन्द्र गुप्ता, शीनू गुप्ता, अमित मित्तल, मनोज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### निहाल के परिजनों से मिली रजा एक्शन कमेटी

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर में निहाल के परिजनों से गुरुवार को ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। निहाल की शादी से एक दिन पहले हत्या करा दी गई थी। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी टीम के साथ निहाल के घर रामपुर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी की। निहाल के भाई नायाब शाह ने बताया 15 जून को निहाल की शादी होनी थी। उससे एक दिन पहले निहाल के पास फोन आया हम तुम्हारी ससुराल से बोल रहे हैं। नाप देने के लिए आ जाए। आरोप है कि उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। मौलाना ने परिजनों से कहा कि उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। अधिकारियों से बात करके साजिश में शामिल सभी लोगों को सजा दिलाई जाएगी। शेख आलीशान ने बताया मौलाना ने पीड़ित परिवार को 11 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी की है।

### कुरी हाउस पर मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन



**स्योहारा,अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कुरी हाउस में बड़ी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। अल्प संख्यक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर चौधरी ने कहा किराहुल गांधी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं7 जिनके नेतृत्व में पार्टी बेहद मजबूत और अनुशासित है। चौधरी फहीम उर रहमान,डा यज्ञ दत्त गौड़,नय्यर चौधरी, बबलू जैदी,वली उर रहमान,आसिफ कुरैशी,रिफाकत चौधरी,मुस्तकीम अहमद,फैसल अनीस,आदि मौजूद रहे।

### फिर तेवर दिखाने लगी गर्मी, लोग परेशान

**संभल, अमृत विचार :** संभल में बारिश के बाद फिरगर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गुरुवार को सुबह से ही भीषण गर्मी का माहौल रहा। पिछले दिनों भीषण गर्मी के दौरान पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तब लोग बिलबिला गए थे। हाल ही में हुई बारिश से लोगों को राहत मिली थी। बहरहाल गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप रही। कामकाज के लिए लोग निकले तो पसीने में तरबतर हो गए। दोपहर को गर्मी और तेवर दिखाने लगी। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया। दोपहर के समय बाजारों और प्रमुख चौराहों के साथ ही गली मोहल्लों में भी सन्नाटे का माहौल बन गया। लोग घरों में कैद हुए लेकिन पंखे और कूलर भी उम्मीद पूरी नहीं कर पाए। आलम यह रहा कि शाम को भी तेज धूप की वजह से माथे से पसीना टपकता रहा।

### दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम जाने के लिए पूर्व में संचालित की गई दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया। इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि चंपावत प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया है कि पूर्णागिरी अंतर्गत राजमार्ग संख्या 108 के बाटनागाड़ में भूस्खलन हो गया है, जिससे आवागमन में समस्या हो रही है। इसके देखते हुए गाड़ी संख्या 05307/05308 टनकपुर-बरेली-टनकपुर और गाड़ी संख्या 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन बंद किया जा रहा है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 55323 पीलीभीत-टनकपुर, जो मेला के कारण समय परिवर्तित कर संचालित हो रही थी, उसे गुरुवार से पूर्व निर्धारित समय 12 :35 बजे चलाया जाएगा।

### टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया मलेशिया, लाखों ठगे

**पीलीभीत,अमृत विचार :** विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से ठगी कर ली गई। वर्क वीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया। वहां पर एजेंट ने और रुपये भी छीन लिए। बमुश्किल दोनों युवक वापस आए। पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम भिकारीपुर के रहने वाले दिलकश पुत्र मोहम्मद रिजवान ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि उसके मकान पर मई 2025 को बरेली जनपद के बारादरी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा का रहने वाला एक युवक आया और उन्हें व गांव के एक युवक से कहा कि वह उनकी मलेशिया में नौकरी लगवा देगा। इसके एवज में प्रति व्यक्ति पांच लाख रुपये खर्च बताया। 2,97,500 रुपये ऑनलाइन और 202500 रुपये नकद दिए गए। तीन जनू को मलेशिया भेज दिया। वहां वीजा मिलने पर जानकारी हुई कि आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुए वर्कवीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया है। इसके बाद आरोपी के एजेंट ने अस्सी हजार रुपये ले लिए और पासपोर्ट छीनने का प्रयास किया। किसी तरह वहां से 8 जून को वापस आए। 9 जून को आरोपी के पास गए और रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने गाली गलौज कर भगा दिया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### झुलसी विवाहिता की सात दिन बाद मौत

**बहजोई,अमृत विचार :** 7 दिन पहले विवाहिता रसोई गैस चूल्हे पर आग चपेट में आकर चाय बनाते समय बुरी तरह से झुलस गई। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दिल्ली के रेफर किया गया जहां पर उपचार के दौरान विवाहिता ने दम तोड़ दिया। बहजोई के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी निवासी संतोष पत्नी सतीश कुमार 12 जून को सुबह चाय बना रही थी। गैस के चूल्हे की नली लीकेज होने की वजह से आग लग गई जिसकी चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई। जिसे उपचार के लिए बहजोई के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से निजी चिकित्सक ने मुरादाबाद के अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी हालात नहीं सुधरी तो चिकित्सकों ने दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी मौत हो गई।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
• BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
• BRIT (Intake-80 Seats)
• BPT (Intake-40 Seats)
• B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
• BOTT (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
• MPT (Intake-20 Seats)
• MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
• B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
• Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
• Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
• Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
• Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# पूर्वांचल के विकास का गेटवे बनेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आजमगढ़ और गोरखपुर में आज करेंगे एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल के विकास के नए गेटवे के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम करीब 92 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों छोरों आजमगढ़ के सलारपुर और गोरखपुर के भगवानपुर टोलप्लाजा के पास होगा।

आजमगढ़ वाले छोर पर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण और जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करते हुए गोरखपुर वाले छोर पर आएंगे और यहां भी लोकार्पण की औपचारिकता के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल



एक्सप्रेस-वे से मिलता है। चार जिलों गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ में पड़ने वाला पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेस-वे फोरलेन में निर्मित है और इसे भविष्य में सिक्सलेन तक विस्तारित किया जा सकता। एक्सप्रेस-वे की इस परियोजना पर भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण दो पैकेज में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) तथा फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है। पहले पैकेज का निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और दूसरे पैकेज का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने कराया है।

### 22029 किसानों को मिला 2030.29 करोड़ रुपये मुआवजा

परियोजना के लिए सरकार ने 22029 किसानों को 2030 .29 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान मुआवजा (प्रतिकर) के रूप में किया है। यही नहीं जमीन देने वाले किसानों को मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण में खुद सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना कर चुके हैं।

### कंट्रोल रूम पर फोन करते ही मिलेगी त्वरित मदद

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के लिए यातायात सुगमता के साथ सुरक्षा और संकट में सहायता के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मदद के लिए यात्रियों को बस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 14449 पर फोन करना ही पर्याप्त होगा। फोन करते ही यूपीडा के जीपीएस लगे वाहन व एम्बुलेंस मौके पर मदद के लिए पहुंच जाएंगे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन



- कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट, शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना होगा आसान
- नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा कार्य, 12 जिलों को कवर करेगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे पर वाहन जल्द फर्राटा भरते नजर आएंगे। इस एक्सप्रेस-वे का काम तेज गति से जारी है। संभावना है कि सारा कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यूपीडा ने इस एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा और टोल बूथ लगाने के लिए लोकेशन का चयन करना शुरू कर दिया है।

यूपीडा गंगा एक्सप्रेस-वे के चार स्थानों और तीन लोकेशन पर टोल प्लाजा और बूथ का निर्माण करेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर 23 टोल प्लाजा और 211 बूथ या टोल एकत्रित करने के लिए लेन होंगी। पहला टोल प्लाजा मेरठ में होगा। इसके बाद 2 और 3 टोल प्लाजा लगभग 11 किलोमीटर बाद बदायूं में होंगे।

इस एक्सप्रेस-वे पर अलग-अलग जिलों से कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट दिए गए हैं। इस सुविधा की वजह से वाहनों को एक्सप्रेस-वे के जरिए शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना काफी सरल हो जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे 12 जिलों को कवर करेगा। इसमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं।

### नियमावली के मुताबिक लगाया जाएगा टोल शुल्क

**अमृत विचार :** यूपीडा ने गंगा एक्सप्रेस-वे की टोल दरों की गणना के लिए अनुभवी सलाहकारों से प्रस्ताव मांगे हैं। टोल शुल्क की गणना उप्र. टोल नियमावली के मुताबिक ही होगी। सूत्रों के अनुसार, कार, जीप, वैन और हल्के वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किमी, हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बस के लिए 4.05 रुपये प्रति किमी, बस व ट्रक के लिए 8.15 रुपये प्रति किमी, भारी निर्माण वाहनों के लिए 12.55 रुपये प्रति किमी और ओवरसाइज वाहनों के लिए ये दरें 16.05 रुपये प्रति किमी हैं। वहीं बाईपास का प्रयोग करने के लिए ये टोल दरें क्रमशः 70 पैसे, 1.05 रुपये, 2.10 रुपये, 3.15 रुपये और 4.15 रुपये प्रति किलोमीटर हैं।

## एक नजर

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर होगा पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के के बलिदान दिवस (23 जून) पर मुख्यमंत्री योगी ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-परिवारजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी मंडलीय, जोनल वन संरक्षकों, प्रभागीय अधिकारियों पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

### संकिसा में बौद्ध मठों का सात करोड़ से होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** बौद्ध पर्यटकों को ध्यान में रखकर फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित बौद्ध मठों में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए सात करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी उप्र. पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी।

# यूपी को बिजली सप्लाई करेगा अडानी समूह

## प्रदेश में बड़ा निवेश करेगी कंपनी, लगाएगी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव के साथ अडानी समूह के प्रतिनिधि की मुलाकात
- संभावित निवेश के प्रस्तावों पर बनेगा रोडमैप

**अमृत विचार :** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी अडानी पावर को उत्तर प्रदेश को बिजली देने का बड़ा जिम्मा मिला है। अदानी पावर राज्य में 1500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अडानी पावर को यह बिजली एक नए पावर प्लांट से मिलेगी, जिसे उत्तर प्रदेश में ही बनाया जाएगा। यह नया बिजलीघर बहुत आधुनिक होगा और इसे अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट कहा जाता है।

इस पावर प्लांट की कुल क्षमता 2×800 मेगावाट यानी करीब 1600 मेगावाट होगी, जिससे 1500 मेगावाट बिजली की सप्लाई होगी।



इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, कैबिनेट से इस महीने की शुरुआत में इस परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद ताजा कवायद सामने आयी है। कंपनी को अब मिले लेटर ऑफ अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन करना होगा।

### मिर्जापुर के दादरी गांव में लगेगा प्लांट

**अमृत विचार :** अडानी पावर लिमिटेड अपना पहला थर्मल पावर प्लांट मिर्जापुर जिले के दादरी गांव में लगाने जा रही है। इस प्लांट में 800-800 मेगावाट में दो कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 17510 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली एपीएल ने अब दादरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना से निर्माण के दौरान 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

> अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अडानी से मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि राज्य को समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और कैसे सशक्त बनाया जाए। अडानी समूह ने पहले कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि राज्य में अपार अवसर हैं।
>
> – मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव



### गेहूं किसानों को मिला 2508 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। 9.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के सापेक्ष इस साल रबी विपणन वर्ष 2025-26 में यह खरीद बढ़कर 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांवों तक मोबाइल क्रय केंद्र पहुंचे, जिससे दो लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बेचा और उन्हें 2508.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस साल 5853 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवकाश में भी गांव-गांव पहुंचकर अफसरों ने किसानों से संपर्क करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था।

# कानपुर नगर के सीएमओ हरिदत्त नेमी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएम से चल रहा था विवाद, किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा। उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

### डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।



डॉ.हरिदत्त नेमी।

### गैंडा संरक्षण के लिए बनेंगे दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी कार्ययोजना शुरू की है। इसके तहत लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंडो के संरक्षण के लिए दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर (आरआरए) बनाए जाएंगे। योगी सरकार ने परियोजना के लिए विभाग को 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक रंगाराजू ने बताया कि इसके पहले राष्ट्रीय उद्यान में आरआरए-1 और 2 राइनो रिहैबिलिटेशन एरिया बनाए गए थे। वर्तमान में इसी के अनुरूप आरआरए- 3 और 4 को तैयार किया जाएगा। जहां गैंडों को खुले जंगल में विशेष मानिटरिंग के अंतर्गत रखा जाएगा। जिससे वे प्राकृतिक वातावरण में अपने स्वाभाविक व्यवहार के साथ रह सकें। उप निदेशक ने बताया कि परियोजना के तहत 1.27 करोड़ रुपये उनके प्राकृतिक आवास, जलाशयों और अनुकूल वनस्पतियों एवं क्षेत्र के रख रखाव के लिए आवंटित किया गया है। जबकि लगभग 7 लाख रुपये वन्य जीवों की औषधि और रसायन के लिए, 4.80 लाख रुपये वृहद निर्माण और 3 लाख रुपये लघु निर्माण कार्य के लिए रखे गये हैं।

# नीट यूजी काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रदेश के निवासियों को ही मिलेगा प्रवेश निजी कॉलेजों में बाध्यता नहीं

**अमृत विचार :** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस (स्नातक पाठ्यक्रम) 2025-26 सत्र में दाखिलों के लिए काउंसिलिंग होगी। राजधानी के केजीएमयू व आरएमएल आयुर्विज्ञान समेत प्रदेश के 20 विभिन्न मेडिकल कॉलेज नोडल होंगे, जहां अभ्यर्थियों को अपने प्रपत्रों की जांच कराना होगा। उक्त नियमों के साथ यूपी नीट यूजी-2025 काउंसिलिंग के लिए नियम-निर्देश युक्त ब्रोशर तैयार किया जाएगा, इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें महानिदेशालय के प्रतिनिधि के साथ ही केजीएमयू, डॉ.आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ और शासन के अधिकारी शामिल होंगे।

उक्त आदेश बुधवार देर रात प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी कर दिए हैं, काउंसिलिंग संबन्धी आदेश में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध 858 सीटों पर अपने राज्य के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि निजी व अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए अनिवार्यता नहीं है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एनटीए द्वारा जारी कट-ऑफ ही यूपी नीट काउंसिलिंग में मान्य होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे की 85 सीटों पर दाखिले के लिए उप्र. का निवासी होने के साथ ही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं भी प्रदेश के कॉलेज से उत्तीर्ण होना चाहिए, अगर इंटर अन्य प्रांत किया है तो अभ्यर्थी को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निवास प्रमाण पत्र देना होगा। काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ पंजीकरण कराना होगा, प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुल्क दो हजार रुपये देना होगा, जबकि स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में प्रतिभाग करने को नवीन पंजीकरण कराना होगा।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्राथमिकता देने के लिए अभ्यर्थियों को 30 हजार रुपये, निजी मेडिकल कॉलेजों में दो लाख रुपये, इसके अलावा निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी। सरकारी व निजी दोनों प्रकार के मेडिकल कॉलेजों में काउंसिलिंग के लिए एक लाख रुपये की धरोहर राशि जमा करनी है।

### दस दिन में पूरे प्रदेश में पहुंच जाएगा मानसून

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. में प्रवेश कर चुका मॉनसून अगले दस दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। इस बीच विभिन्न जिलों में लगभग 30 मिमी तक बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने समय से पांच दिन की देरी से बुधवार को दस्तक दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य तौर पर राज्य में मानसून का आगमन 13 जून को होता है। मानसून की दस्तक के साथ ही सोनभद्र, गाजीपुर आदि सहित देश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ते हुए 30 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेने की संभावना है।

# आपातकाल के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेगी भाजयुमो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम की रणनीति बनाकर सौंपी जिम्मेदारी
- 25, 26 और 27 जून को प्रदेश में अलग-अलग नौ स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भाजपा ने आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। 25, 26 और 27 जून को अलग अलग नौ स्थानों पर इस आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है। कार्यक्रम मेरठ, झांसी, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ व बरेली में आयोजित किए जाएंगे।

मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुंचाएं।



लखनऊ में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ें। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए

3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।

6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।

7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।

8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था

4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।

5. निरुपाधि।

7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी,जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | रौं |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

## सुडोकू -14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

### सुडोकू - 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

**वृष** – आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

**कर्क** – आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह** – आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** – आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

**वृश्चिक** – आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**धनु** – आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

**मकर** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ** – आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

# लंदन में एफटीए को दिया अंतिम रूप

## हाइड पार्क में पीयूष गोयल और जोनाथन रेनॉल्ड्स के बीच समझौते पर बनी सहमति

लंदन, एजेंसी



- उद्योग मंत्री ने कहा, ये समझौता दो देशों के बीच आर्थिक स्थितियों में स्थिरता लाएगा

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता को अंतिम रूप देते समय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को ब्रिटेन के उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने चॉकलेट आइसक्रीम खिलाई थी। दोनों नेताओं के बीच गत माह लंदन के हाइड पार्क में टहलते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर सहमति बनी थी।

इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक शिखर सम्मेलन से इतर गोयल ने रेनॉल्ड्स के साथ हुई बातचीत और उनके आइसक्रीम खिलाने की बात का जिक्र किया और मजाकिया अंदाज में कहा, अब मुझपर उनका उधार है। उन्होंने कहा कि जब मुझे रेनॉल्ड्स का संदेश मिला, जिसमें उन्होंने मुझे (दो मई को) हाइड पार्क में टहलने के लिए आमंत्रित किया था, उन्हें पता है कि मुझे लंदन में वहां टहलना काफी पसंद है। मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि हम मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे अंशदान सम्मेलन (डीसीसी) समझौते को अंतिम रूप देने से संबंधित कुछ लंबित मुद्दों पर बात करेंगे।

उन्होंने कहा, दोनों पक्षों ने छह मई को पुष्टि की थी कि जनवरी 2022 में शुरू हुई एफटीए वार्ता संपन्न हो गई है और 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। गोयल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौता दो देशों के बीच आर्थिक स्थितियों में स्थिरता लाता है। यह व्यापारियों को भरोसा दिलाएगा कि शुल्क दरें स्थिर रहेंगी। दोनों देशों के बीच दोस्ती को लेकर निश्चितता आएगी, कारोबारी माहौल का अंदाजा लगाना आसान होगा जिससे यह द्विपक्षीय निवेश को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, निश्चित रूप से वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देता है। यह सहयोग और संयुक्त उद्यमों को प्रोत्साहित करता है, जहां आप न केवल बाजारों पर नजर रखते हैं, बल्कि विश्व बाजारों पर कब्जा करने की भी कोशिश करते हैं।

### ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हुई

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहीं भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है। वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण, 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा दर्ज किया गया संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाउंड (जीबीपी) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जीबीपी हो गया। विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

# कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात अंकुश लगाया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी में आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। वजन के हिसाब से 1% से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है।

# लिक्विड म्यूचुअल फंड: अल्पकालिक निवेश



लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मुख्यत: बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश करता है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे को कुछ समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाहते हैं, साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। इस फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्षाकृत अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा मिलती है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बाजार दरों में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम:** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क:** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- **गैर-गारंटीशुदा रिटर्न:** बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता:** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%–6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम:** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी




- केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।

# एफडीआई में कमी पर वैश्विक सूची में 15वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2024 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में शीर्ष वैश्विक गंतव्यों में 15वें स्थान पर है, जबकि एफडीआई प्रवाह मामूली गिरावट लेकर 27.6 अरब डॉलर रही।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) द्वारा गुरूवार को जारी विश्व निवेश रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2023 में 16वें स्थान पर था, जब उसने 28.1 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया था। प्रवाह में गिरावट ग्रीनफील्ड परियोजना घोषणाओं में उल्लेखनीय वृद्धि के विपरीत है। भारत 2024 में घोषित 1,080 ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के साथ शीर्ष पांच प्राप्तकर्ताओं में शामिल है। भारत अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों के मामले में भी शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। अंकटाड ने कहा कि अमेरिका, भारत और कई यूरोपीय देशों में नई बैटरी और ईवी असेंबली सुविधाओं की घोषणा की गई।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता। क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।



## एक नजर

### कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

### झारखंड: बारिश के बाद मलबे से निकले दो छात्रों के शव

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश से कुआं ढहने से मिट्टी के नीचे दबे दो छात्रों के शव गुरुवार को बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची जिले में मिट्टी का मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की भी मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों में पुल और खाली आवासीय इमारत भी ढह गयी जबकि कई नदियां उफान पर हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में कथित भूमि अतिक्रमण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच पर अस्थायी रोक लगा दी। राज्य ने कुमारस्वामी पर भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
- एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।

# एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

मंगलुरु, एजेंसी

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

# कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



## आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेसी

# ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

# सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

इंदौर (मप्र), एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों- सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।



बेन स्टोक्स

**लीड्स, एजेंसी**

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीच चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला

# टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है । मेरे ख्याल से इंग्लैंड , आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का शृंखला से पहले अनावरण

**लीड्स, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

# भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

स्टोक्स ने कहा ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।

## एक नजर

### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन :** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था।

### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, ''मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

**लीड्स, एजेंसी**

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

# जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

**नई दिल्ली :** देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

# धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी।

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1–1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

# जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

### एशिया कप

